रोहतक
शुक्रवार, 28 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 152
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 36.1
न्यून. 27.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 टेस्ट : भारत की युवा खिलाड़ियों पर नजर






## अंदर के पन्नों पर


- हरियाणा भूमि राजस्व अधिनियम में संशोधन पेज-2
- यूएन में पाक ने अलापा कश्मीर राग, भारत ने फटकारा पेज-8


## खबर संक्षेप

### आडवाणी को मिली अस्पताल से छुट्टी



**नई दिल्ली।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी को दिल्ली के एम्स अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। 26 जून की शाम को उन्हें कुछ दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद हॉस्पिटल लाया गया। उनका एक छोटा ऑपरेशन किया गया। *एजेंसी*

### जेपी नड्डा बने राज्यसभा में सदन के नेता



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को बृहस्पतिवार को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन में इसकी घोषणा की। नड्डा इसी वर्ष गुजरात से निर्वाचित होकर उच्च सदन में पहुंचे हैं और उनका कार्यकाल 2030 तक है। *एजेंसी*

### जम्मू-कश्मीर में खाई में गिरी कार, दो की मौत

**रियासी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में गुरुवार को एक कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। कार में चार लोग सवार थे, इनमें से एक की मौत मौके पर ही हो गई। बाकी तीन घायल हुए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान एक घायल ने दम तोड़ दिया। एक मृतक की पहचान रियासी के रहने वाले रत्तन सिंह के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि सावला नाले के पास ड्राइवर का कार से नियंत्रण खो गया, जिसके चलते कार खाई में गिर गई। *एजेंसी*

### जवान ने खुद को मारी गोली, हालत गंभीर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सीएएफ के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। बताया जा रहा है कि नाइट ड्यूटी के दौरान जब गोली चली तो कैंप के जवान हड़बड़ा गए और फौरन मौके पर पहुंचे।

## 18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र में राष्ट्रपति का अभिभाषण

# पेपर लीक के दोषियों को सजा मिलेगी आपातकाल काला अध्याय : राष्ट्रपति

### राष्ट्रपति मुर्मू ने सशक्त भारत के लिए सैन्यबलों में आधुनिकता एवं आत्मनिर्भरता पर बल दिया

### सरकार युवाओं के सपने साकार करने के लिए जरूरी माहौल बनाने में जुटी, बाधाओं को दूर किया गया

### आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थानों को और मजबूत बनाने और संख्या बढ़ाने के प्रयास जारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संविधान के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए आपातकाल की निंदा की और इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय बताया। उन्होंने परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की हालिया घटनाओं की जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि आगामी आम बजट में कई ऐतिहासिक कदम उठाये जाएंगे एवं प्रमुख आर्थिक निर्णय लिए जाएंगे। अठारहवीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाने के लिए माहौल तैयार करने का काम कर रही है। जिस वक्त वह शिक्षा के मोर्चे पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र कर रही थीं, उस वक्त विपक्ष के कुछ सदस्यों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितताओं को लेकर नारे लगाते सुना गया। राष्ट्रपति ने कहा, ''अगर किसी कारण से परीक्षाओं में बाधा आती है तो यह उचित नहीं है। सरकारी भर्तियों और परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा, ''सरकार पेपर लीक होने की हालिया घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।' राष्ट्रपति ने कहा कि पहले भी कुछ राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं।

### राष्ट्रपति अभिभाषण की खास बातें

- कश्मीर में मतदान के रिकॉर्ड टूटे, घाटी ने दिया दुश्मनों को करारा जवाब।
- आगामी बजट में कई ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे।
- सरकार पेपर लीक की घटनाओं की जांच करेगी, दोषियों को सजा मिलेगी।
- सशक्त भारत के लिए सैन्यबलों में आधुनिकता एवं आत्मनिर्भरता पर बल।
- महिलाओं का कौशल, कमाई के साधन और सम्मान बढ़ाना सरकार का लक्ष्य।
- आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को मिलेगा।
- नीतियों का विरोध व संसदीय कामकाज का विरोध अलग-अलग बातें।
- दुष्प्रचार की चुनौती से निपटने के लिए नए रास्ते खोजने की जरूरत।
- सरकार प्राकृतिक खेती और संबंधित उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बना रही।
- उत्तर, दक्षिण व पूर्व में बुलेट ट्रेन गलियारों के लिए व्यवहार्यता अध्ययन का फैसला किया गया।
- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार, उड़ान बढ़ने से छोटे शहरों को फायदा।
- पूर्वोत्तर को 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत रणनीतिक 'गेटवे' बनाने का काम किया।
- सरकार ने गरीबों को अहसास कराया कि वह उनकी सेवा के लिए है।

## कैबिनेट की बैठक में कई फैसलों पर मुहर

# पुलिस कर्मचारियों को दोगुना भत्ता किसान बढ़वा सकेंगे नलकूपों का लोड

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा मंत्री समूह की अहम बैठक में गुरुवार को प्रदेश सरकार ने कईं अहम फैसलों पर मुहर लगाई। सिरसा के प्रसिद्ध गुरुद्वारा चिला साहिब को 70 कैनाल आठ मरला जमीन दिए जाने का फैसला लिया गया है। पुलिस कर्मियों को मिलने वाला यात्रा अब 10 की जगह 20 दिनों का मिलेगा। स्टांप विक्रेताओं को भी राहत दी गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्री समूह की बैठक में 19 एजेंडों पर पर मुहर लगाई गई है। सीएम ने बताया कि दो शहीद परिवारों की आश्रितों को नौकरी देने का फैसला लिया गया है। जिसमें शहीद कपिल कुंडू की बहन काजल को रोजगार विभाग में और शहीद सत्यवान की बहन मंजू रानी को मौलिक शिक्षा विभाग में लिपिक की नौकरी दी गई है। सरकार ने एमआईटीसी, एचएमटी और कोऑपरेटिव बैंकों के जिन कर्मियों को पेंशन नहीं मिल रही अथवा बेहद ही कम मिल है, इस तरह के लोगों को तीन हजार प्रतिमाह देने का फैसला हुआ है। बैठक में वीर शहीद सम्मान योजना को मंजूरी दी गई है।

ऐतिहासिक गुरुद्वारे को दी जमीन
■
शहीद के आश्रितों को नौकरी का फैसला
■
9 एजेंडों पर मुहर लगाई



### डेंटल व नर्सिंग कॉलेजों में भर्ती

- किसानों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्यूबवेल लगाने पर पचास मीटर दायरे तक पुराना कनेक्शन ही बहाल होगा।
- पहले विभाग द्वारा इसके स्थान पर सौर ऊर्जा कनेक्शन लगाने को कहा जाता था, उस शर्त में बदला गया है।
- इसके अलावा किसान स्वेच्छा से लोड बढ़वा सकते हैं। इसके अलावा नए ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए पोर्टल खोला जाएगा।
- राज्य के मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज में जल्द ही भर्ती की मुहिम चलाई जाएगी। कांट्रैक्ट के आधार पर खाली पदों को तुरंत भरने के लिए कहा गया है।
- बैठक में हरियाणा के ठेकेदारों को पंजीकरण के लिए बयाना राशि देने की शर्त समाप्त कर दी गई है।
- स्टांप विक्रेताओं को राहत देते हुए सरकार ने अब 20 हजार तक के स्टांप बेचने की अनुमति दे दी गई है। पूर्व में लिए गए फैसले के बाद में स्टांप वेंडरों के सामने समस्या पैदा हो गई थी।

## तीन दिन में तीसरी घटना

# अब तिरपाल व्यापारी से मांगी 2 करोड़ की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**विरोध में आज रहेगी मार्केट बंद, धमकी देने वाले का नाम काला खैरमपुरिया**

शहर में व्यापारियों से रंगदारी मांगने की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। पिछले तीन दिनों में ऑटो मार्केट के तीन व्यापारियों से रंगदारी मांगी जा चुकी है। बुधवार की रात ऑटो मार्केट के ही एक तिरपाल व्यापारी मनीष गोयल से व्हाट्सएप पर कॉल करके 2 करोड़ की रंगदारी मांगने का सामने आया है। व्यापारी को धमकी देने वाले ने खुद का नाम काला खैरमपुरिया बताया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने व्यापारी गोयल की सुरक्षा बढ़ा दी है।

बता दें कि इससे पहले सोमवार की दोपहर को इनेलो नेता रामभगत गुप्ता के बेटे संजय गुप्ता के ऑटो मार्केट स्थित महिंद्रा शोरूम पर 30 राउंड से अधिक फायरिंग कर 5 करोड़ तथा मंगलवार की रात भीम ऑटो मोबाइल के मालिक किट्टू बंसल से व्हाट्सएप कॉल पर 2 करोड़ की रंगदारी मांगी जा चुकी है। रंगदारी मांगने की लगातार हो रही वारदातों तथा पुलिस द्वारा इन मामलों में किसी भी आरोपितों गिरफ्तार नहीं किए जाने से व्यापारी वर्ग में भारी रोष है। इसके चलते शुक्रवार को व्यापारियों ने ऑटो मार्केट व नई अनाज मंडी बंद रखने का निर्णय लिया है। शहर में चर्चा है कि पिछले एक पखवाड़े में 20 से अधिक व्यापारियों से या तो रंगदारी मांगी गई है या फिर उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। इसी बीच पुलिस ने कई बड़े व्यापारियों तथा व्यापारी नेताओं की सुरक्षा भी बढ़ा दी है।

# आज प्रदेश में दस्तक दे सकता है मानसून कई इलाकों में अच्छी बारिश की संभावना

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

हिमाचल और पंजाब में मानसून ने दस्तक दे दी है। मानसून उत्तराखंड से होता हुए सिरमौर जिले से हिमाचल में दाखिल हुआ। इसके बाद हिमाचल को कवर करते हुए पठानकोट के रास्ते पंजाब में एंट्री कर गया। मौसम विभाग के अनुसार मानसून शुक्रवार को हरियाणा और चंडीगढ़ में भी दस्तक दे सकता है। 3 जुलाई तक यह पूरे इलाके को कवर कर लेगा। इसके साथ मौसम विभाग ने कुछ इलाकों में बारिश की चेतावनी जारी की है। गुरुवार को प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल छाए रहे। कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग ने 28 जून को प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश की संभावना जताई है। बीते 24 घंटे में अंबाला, हिसार, करनाल, भिवानी, गुरुग्राम , जींद, पानीपत, रेवाड़ी और सोनीपत में अच्छी बरसात दर्ज की गई है। प्रदेश में गुरुवार को दिनभर बादल छाए रहे। बीच-बीच में सूर्य देव के दर्शन हुए। हालांकि कई जिलों में बारिश होने के कारण तापमान में पांच से छह डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। भीषण और उमस से राहत मिली है।



गर्मी और उमस से मिलेगी राहत
3 तक पूरे प्रदेश को करेगा कवर

### सेंसेक्स 79,000 अंक के पार, निफ्टी भी 23,966.40 के नए स्तर पर

**मुंबई (भाषा)।** घरेलू बाजारों में बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद तेजी आई और सेंसेक्स पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार कर गया। निफ्टी भी अपने नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद 339.51 अंक चढ़कर 79,013.76 अंक के अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी 97.6 अंक चढ़कर 23,966.40 के अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से ज्यादातर फायदे में रही।

बाजार में शुरुआती गिरावट के बाद तेजी आई

### अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज कश्मीर पहुंचेगा

**जम्मू (भाषा)।** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कश्मीर पहुंचेगा। यहां से वे उत्तर कश्मीर बालटाल और दक्षिण कश्मीर अनंतनाग बेस कैंप जाएंगे। शुक्रवार को सुरक्षा काफिले के साथ सभी तीर्थयात्री घाटी के लिए रवाना होंगे और शनिवार को अमरनाथ के दर्शन करेंगे। अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरुआत बुधवार से हो गई है। जम्मू के एसडीएम ने बताया कि सरस्वती धाम सेंटर से ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है। यात्रा की शुरुआत से पहले ही साधु-संत जम्मू पहुंचने लगे हैं।

बालटाल-अनंतनाग बेस कैंप में रुकेंगे यात्री

## नीट पेपर लीक मामला

# पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष गिरफ्तार



दोनों ने प्ले स्कूल बुक कराई थी
यहीं पर 20 से 25 स्टूडेंट्स को रटाए गए थे सवाल
जांच एजेंसी 11 लोगों से कर रही पूछताछ

एजेंसी ▶▶ पटना/रांची

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुरुवार को 2 आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को पटना से गिरफ्तार किया। दोनों ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रात भर के लिए बुक कराया था। इसी स्कूल में 20 से 25 कैंडिडेट्स को इकट्ठा करके आंसर रटवाये गए। यहीं जली बुकलेट के टुकड़े मिले थे। केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले दो दिन से 11 लोगों से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (सीईओ) से 26 जून को यह केस अपने हाथ में लिया था। अब तक 5 राज्यों में पुलिस ने 27 से ज्यादा गिरफ्तारियां की हैं।

### चिंटू और मुकेश रिमांड पर

सीबीआई की टीम गुरुवार को दोपहर 1 बजे पटना की बेऊर जेल पहुंची। यहां आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार का मेडिकल कराया और उन्हें 8 दिन की रिमांड पर लिया। बताया जा रहा है कि टीम दोनों को अलग-अलग लोकेशन पर ले जाकर पूछताछ करेगी। सीबीआई ने 26 जून को चिंटू और मुकेश को कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद दोनों की 8 दिन की रिमांड मिली थी।

## इंग्लैंड को धोया

### 10 साल बाद फाइनल में पहुंचा, शनिवार को द.अफ्रीका से महामुकाबला

# टी-20 वर्ल्ड कप : भारत शान से फाइनल में

**जॉर्जटाउन (गयाना) (एजेंसी)।** 10 साल बाद टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम ने तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 68 रन से हराया। गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की फिफ्टी के सहारे इंग्लैंड को 172 का टारगेट दिया, फिर कुलदीप और अक्षर की गेंदबाजी के दम पर इंग्लिश टीम को 16.4 ओवर में 103 रन पर पवेलियन भेज दिया। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने मिलकर 6 बैटर्स को पवेलियन भेजा। जसप्रीत बुमराह ने फिल सॉल्ट और जोफ्रा आर्चर को आउट किया। दो बैटर रनआउट हुए। *(खेल पेज भी देखें)*

**171** रन बनाए भारत ने पहले खेलते हुए

**103** रन पर ऑलआउट हुई इंग्लैंड की टीम

**57** रन की शानदार पारी खेली रोहित शर्मा ने

**47** रन बनाए सूर्य कुमार यादव ने

### रोहित ने छक्के से पूरा किया अर्धशतक

रोहित ने 13वें ओवर में सैम करन की गेंद पर छक्का लगाकर अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 32वां अर्धशतक पूरा किया। यह उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 92 रन की पारी खेली थी। रोहित ने अर्धशतक के लिए 36 गेंद लिए।



अक्षर पटेल मैन ऑफ द मैच
■
23 रन देकर तीन विकेट चटकाए
■
कुलदीप यादव को भी तीन और जसप्रीत को दो विकेट मिले

### कोहली फिर फ्लॉप

भारत को तीसरे ओवर में 19 के स्कोर पर पहला झटका लगा। रीस टॉप्ली ने विराट कोहली को क्लीन बोल्ड किया। इस पूरे टूर्नामेंट में ओपनिंग करते हुए विराट का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा। विराट ने नौ गेंद में नौ रन बनाए।




## खबर संक्षेप

### तीन अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** सरकार ने सॉलिड वेस्ट एनवायरमेंट एक्सीजेंसी प्रोग्राम (स्वीप) के तहत कार्यों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नव एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग महानिदेशक और सचिव एस. नारायणन को मुख्य सचिव कार्यालय में आपदा प्रबंधन सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के सचिव वत्सल वशिष्ठ को नगर निगम, गुरुग्राम का अतिरिक्त आयुक्त लगाया गया है। सचिवालय स्थापना के सचिव तथा हैफेड के विजिलेंस ऑफिसर सम्वर्तक सिंह खंगवाल को नगर निगम, गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त का कार्यभार सौंपा गया है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग (मुख्यालय) के अतिरिक्त निदेशक वाईएस गुप्ता को 'स्वीप' का कार्य देखने के लिए, उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा एक माह के लिए नगर निगम, गुरुग्राम में लगाया गया है।

### बस स्टैंड को बनाया जाएगा हराभरा

**चंडीगढ़।** परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रदेश के सभी बस स्टैंड को रेलवे स्टेशन की तर्ज पर ग्रीनरी लगाकर और सफाई करके खूबसूरत बनाया जाएगा। गुरुग्राम और पिपली ( कुरुक्षेत्र ) में पीपीपी मोड पर विशेष प्रकार के बस स्टैंड बनाये जाएंगे। राज्य में आवश्यकता अनुसार बस क्यू - शेल्टर भी बनाए जाएंगे। गोयल ने परिवहन विभाग की चंडीगढ़ में समीक्षा बैठक के बाद में यह जानकारी दी। बैठक में विभाग प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क और निदेशक सुजान सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एचएसएससी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश

### चालकों को पोर्टल पर करना होगा आवेदन

**चंडीगढ़।** सरकार ने ड्राइवरों (एलटीवी/एचटीवी) के पदों के लिए आवेदन पत्र भविष्य में परिवहन विभाग को भेजने के बजाय हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा सभी विभागाध्यक्षों और बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों, मुख्य प्रशासकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को जारी एक पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार ने 4 मार्च, 2021 को जारी निर्देशों में विभागों, बोर्डों, निगमों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में सरप्लस ड्राइवरों को समायोजित करने का निर्णय लिया था।

# नलकूपों का लोड बढ़वा सकेंगे किसान, एक से पोर्टल पर आवेदन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने किसान हित में बड़ा फैसला लेते हुए किसानों के लिए कृषि नलकूपों का लोड स्वेच्छा से बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब इच्छुक किसान अपने नलकूलों का लोड बढ़ाने के लिए पहली से 15 जुलाई तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बैठक में लिए गये महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दे रहे थे। इसके अलावा, जिन किसानों को कृषि नलकूपों को पुनः बोर करना पड़ता हैं, ऐसे शिफ्ट किए जाने वाले नलकूपों के लिए सौर उर्जा की शर्त लागू नहीं होगी। इस प्रकार के नलकूलों को पहले के कनेक्शन पर ही बिजली आपूर्ति की अनुमति होगी।



### शहीद कैप्टन कपिल कुंडू व सिपाही सत्यवान की बहन को नौकरी देने की स्वीकृति

मंत्रिमंडल की बैठक में शहीद सिपाही सत्यवान की बहन तथा शहीद कैप्टन कपिल कुंडू की बहन को असाधारण मामलों में छूट देते हुए सरकारी नौकरी देने को घटनोत्तार स्वीकृति प्रदान की गई। शहीद सिपाही सत्यवान की बहन मंजू रानी को मौलिक शिक्षा विभाग में लिपिक के रिक्त पद पर तथा शहीद कैप्टन कपिल कुंडू की बहन काजल कुंडू को रोजगार विभाग में सहायक रोजगार अधिकारी (ग्रुप-बी) के पद पर सरकारी नौकरी प्रदान की गई है।

### कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हरियाणा दौरे के बारे पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अमित शाह पंचकूला में पार्टी की विस्तारित कार्यकारिणी को सम्बोधित करने आ रहे हैं और हमें उनका मार्गदर्शन मिलेगा। हरियाणा प्रभारी, केन्द्रीय मंत्री व सांसद धर्मेन्द्र प्रधान व त्रिपुरा के पूर्व सीएम व सांसद विपल्ब देव भी आ रहे हैं । आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए जन-जन की भावना है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व व सानिध्य में तीसरी बार हमारी सरकार बने। समाधान शिविरों के बारे पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान शिविरों में अब तक लगभग 20,000 शिकायतें आई, जिनमें से लगभग 6000 का मौके पर ही समाधान किया जा चुका है।

### कार्यकर्ता हर बूथ पर जीत को सुनिश्चित करें : फणीन्द्रनाथ

**पंचकूला।** विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए भाजपा बूथ स्तर तक माइक्रो मैनेजमेंट की प्लानिंग के साथ जुट गई है। चुनाव से पहले भाजपा की हर परिवार से जुड़ने की प्लानिंग है। इसी योजना के तहत भाजपा मोदी और नायब सरकार की गारंटियों, उपलब्धियों, योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को घर-घर पहुंचाने के काम में लग गई है। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर गुरुवार को संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने पार्टी कार्यालय में बैठक की।

### आयरलैंड के राजदूत केविन केली ने राज्यपाल से की भेंट

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से गुरुवार को हरियाणा राजभवन में भारत में आयरलैंड के राजदूत केविन केली ने शिष्टाचार मुलाकात की। उनके साथ रेमंड मुलेन, उप राजदूत, पेदर ओ हुबैन, वाणिज्यदूत, द्वितीय सचिव, कैबरे ओ फियरघेल, वीजा कार्यालय के प्रमुख, तृतीय सचिव भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने दोनों राष्ट्रों के पारस्परिक लाभ के लिए शिक्षा, कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की।


**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें यहां नीचे वर्णित कर्जदारों / सह-कर्जदारों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कहा गया। कर्जदार द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री अमित कुमार गीतिका जनरल एंड कॉस्मैटिक स्टोर, श्रीमती स्वीटी (प्रोस्पैक्ट नं. 977831) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : नगर निगम के अंदर विकास कॉलोनी, तहसील व जिला करनाल, हरियाणा-132001 में स्थित खेवट नं. 283 एवं 287, खतौनी नं. 396, किते नं. 2 में निहित सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति का प्रकार : Land_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 810.00 | रु. 484605.00/- (रुपये चार लाख चोरासी हजार छह सौ पांच केवल) | 09-अप्रैल-2024 | 24-जून-2024 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल -एससीओ 408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001/अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : करनाल, दिनांक : 28.06.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड



**कार्यालय सिविल सर्जन झज्जर**

**भवन किराए पर लेने हेतू निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग झज्जर को एवं अर्बन बहादुरगढ़ में शहरी प्राथमिक स्वास्थय केंद्र एवं शहरी हैल्थ एवं वैल्नैस सैन्टर के लिए भवन को किराये पर लेने की आवश्यकता है। जिनकी संख्या तथा अन्य विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्रमांक | शहर | भवन का प्रकार | स्थान | अधिकतम किराया राशि प्रति भवन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बहादुरगढ़ | U-AAM | महावीर पार्क / सेक्टर 7 बहादुरगढ़ | AS PER PWD ASSESSMENT |
| 2 | बहादुरगढ़ | U-AAM | शास्त्री नगर/ सेक्टर 9 बहादुरगढ़ | AS PER PWD ASSESSMENT |

इच्छुक व्यक्ति या संस्था जो इन स्थान पर भवन किराए पर या मुफ्त देने के लिए इच्छुक है वह अपनी कुटेशन बन्द लिफाफों में पोलीक्लीनिक सैक्टर-9 बहादुरगढ़ में 15 जुलाई 2024 तक सांय 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर जमा करवा सकते है। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्यदिवस पर सिविल सर्जन झज्जर व पोलीक्लीनिक बहादुरगढ के कार्यालय से लिखित अनुरोध पर प्राप्त की जा सकती है।

हस्ता/-सिविल सर्जन झज्जर

हस्ता/-उप सिविल सर्जन (NHM) झज्जर

पीआरडीएच-1058/11/827/2025/27234/88/6 दि. 27.06.24


### एचएसआईआईडीसी को 200 करोड़ का ऋण लेने की मंजूरी

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) द्वारा भूमि अधिग्रहण, बुनियादी ढांचे के विकास, भूतपूर्व भू-स्वामियों को बढ़ा हुआ मुआवजा देने तथा ऋणों का भुगतान करने हेतु दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए 200 करोड़ रुपये के ऋण लेने को मंजूरी प्रदान की गई। हरियाणा वित्त विभाग ने स्वीकृत ऋण सीमा पर 2 प्रतिशत गारंटी शुल्क, समय पर ऋण की अदायगी तथा निधि उपयोग के उद्देश्य का कड़ाई से अनुपालन करने सहित कुछ नियमों एवं शर्तों के साथ अपनी सहमति प्रदान की है। नई ऋण सीमा की मंजूरी विकसित एवं प्रगतिशील हरियाणा के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मेडिकल, डेंटल व नर्सिंग कॉलेजों में कॉन्ट्रैक्चुअल मैनपावर की नियुक्ति के लिए नीति को मंजूरी

मंत्रिमंडल की बैठक में सरकारी मेडिकल, डेंटल और नर्सिंग कॉलेजों में संविदा संकाय सदस्यों की नियुक्ति नीति 2023 को मंजूरी दी गई है। इस नीति का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करना और राज्य में खोले जा रहे नए मेडिकल कॉलेजों में शैक्षिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।इस नीति से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी), भारतीय दंत चिकित्सा परिषद (डीसीआई) और भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी) जैसे केंद्रीय नियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित स्टाफिंग मानदंडों के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए इन संस्थानों में योग्य संकाय सदस्यों की तत्काल कमी को दूर करने में मदद मिलेगी। संविदा के आधार पर कुशल पेशेवरों की भर्ती इस पहल का उद्देश्य हरियाणा की तत्काल और दीर्घकालिक दोनों तरह की स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को पूरा करना है।सीधी भर्ती के लिए समय-समय पर लागू होने वाली वर्टिकल और हॉरिजोंटल दोनों तरह की आरक्षण नीति का इन संविदा भर्तियों में पालन किया जाएगा। ये नीति रिक्तियों को तेजी से भरने, वर्तमान जरूरतों के आधार पर स्टाफिंग के स्तर को समायोजित किया जाएगा। 40

### वीर शहीद सम्मान योजना को मंजूरी

मंत्रिमंडल की बैठक में 'अनुकंपा नियुक्ति (सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल युद्ध में हताहत हुए परिवार के सदस्यों के लिए) नीति 2023 को और अधिक प्रभावशाली नाम 'वीर शहीद सम्मान योजना' के साथ संशोधित करने की स्वीकृति प्रदान की। मौजूदा नीति में, नाम में यह परिवर्तन इसकी दृश्यता को बढ़ाएगा तथा इसे जनता के लिए अधिक यादगार और सुलभ बनाएगा। यह नीति के उद्देश्यों के बारे में बेहतर संचार और समझ की सुविधा भी प्रदान करेगा, जिससे शहीदों के परिवारों के लिए उपलब्ध लाभों को प्राप्त करना आसान हो जाएगा। न करना उचित होगा कि सरकार ने 14 अगस्त, 2023 को 'अनुकंपा नियुक्ति (सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल युद्ध में हताहत हुए परिवार के सदस्यों के लिए) नीति 2023' को अधिसूचित किया, ताकि हरियाणा में रहने वाले और युद्ध में अपनी जान गंवाने वाले सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के परिवारों को सहायता प्रदान की जा सके।

### हरियाणा भूमि राजस्व अधिनियम में संशोधन

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा भूमि राजस्व अधिनियम, 1887 में संशोधन करने के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई, ताकि जमीन के बंटवारे के मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जा सके। नए अधिनियम को ₹हरियाणा भूमि राजस्व (संशोधन) अधिनियम, 2024 कहा जाएगा। नए अधिनियम के तहत, धारा 111 में निहित किसी भी बात के बावजूद और इस संशोधन अधिनियम के लागू होने की तिथि से ऐसी अवधि के भीतर, जिसे उपायुक्त द्वारा राजस्व संपदा के संबंध में अधिसूचित किया जा सकता है, अधिकार क्षेत्र वाले राजस्व अधिकारी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज सभी सह-हिस्सेदारों या सह-हिस्सेदारों जिनके पक्ष में म्यूटेशन स्वीकृत किए गए हैं, को नोटिस जारी करने की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर आपसी सहमति से उनके संयुक्त स्वामित्व में भूमि का बंटवारा करवाने के लिए स्वप्रेरणा से नोटिस जारी करेंगे।

### अतिरिक्त एफएआर के लिए शुल्क संरचना को मंजूरी

मंत्रिमंडल की बैठक में नई एकीकृत लाइसेंसिंग नीति (एनआईएलपी)-2022 के तहत विकसित कॉलोनियों में क्रय योग्य विकास अधिकार (पीडीआर) के माध्यम से अतिरिक्त 0.25 फ्लोर एरिया अनुपात (एफएआर) प्रदान करने के लिए शुल्क लगाने के संबंध में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।प्रस्ताव के अनुसार, एनआईएलपी नीति के तहत 0.25 अतिरिक्त एफएआर प्रदान करने के कारण दरें 02.09.2019 की पीडीआर नीति में 500 वर्ग मीटर से अधिक आकार के भूखंडों के लिए निर्धारित दरों से दोगुनी होंगी और समय-समय पर संशोधित की जाएंगी।हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 9क के तहत 11.05.2022 को अधिसूचित एनआईएलपी-2022 में खंड 2.1 शामिल है, जो इस नीति के तहत विकसित कॉलोनियों में पीडीआर के माध्यम से अतिरिक्त 0.25 एफएआर प्रदान करने की अनुमति देता है।

### सेवानिवृत्ति आवास के लिए संशोधनों को दी मंजूरी

मंत्रिमंडल की बैठक में सेवानिवृत्ति आवास के नियोजित विकास के लिए नीति में संशोधन करने को मंजूरी दी गई है, ताकि ऐसी सेवानिवृत्ति आवास परियोजनाओं की योजना एवं डिजाइन में सरलता लाई जा सके। इसके लिए एसोसिएशन ऑफ सीनियर लिविंग इंडिया (एएसएलआई) के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया था। सबसे पहले, पात्र निवासियों के दायरे को व्यापक बनाने के लिए, खंड 2 (II) में आयु आवश्यकता को 60 वर्ष से ऊपर की आयु सीमा को घटाकर 55 वर्ष से ऊपर करने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य परियोजनाओं को अधिक समावेशी बनाना है। इसके अतिरिक्त, लागू शुल्क एवं अन्य दरों के संबंध में खंड 7 को इस सीमा तक स्पष्ट किया जा रहा है कि अधिकतम स्वीकार्य एफएआर 225 होने के बावजूद, शुल्क एवं अन्य दर 175 एफएआर पर आधारित ली जाएंगी, जो ग्रुप आवासीय कॉलोनियों के शुल्क ढांचे के अनुरूप होगा और वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करेगा।उपधारा 6 (छ) के अनुसार मेस या कॉमन डाइनिंग के अंतर्गत न्यूनतम मानक सुनिश्चित करते हुए आवश्यक डिजाइन सरलता प्रदान करते है।


**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक्ट") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल-एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय :- "एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001" के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है, जो है जहां है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्रीमती साजिदा 2. श्री आनम 3. मलिक डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. 10323625) | 10-अक्तू.2023 रु. 9,77,851/- (रुपये नौ लाख सतहत्तर हजार आठ सौ इक्यावन केवल); बोली बढ़ौतरी राशि: रु. 20,000/- (रुपये बीस हजार केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खसरा नं. 32//12 (7-19), वार्ड नं. 21, भगत कॉलोनी, गांव सोंधापुर, पानीपत सिटी, निकट गैस गुदाम, पानीपत, हरियाणा, भारत 132103 के तहत निहित खेवट नं. 295/256, खतौनी नं. 327 में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति का प्रकार : Land_area, Built_up_area, Carpet_area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 630.00, 516.00, 413.00 | 13-जून-2024; कुल बकाया दिनांक 05 जून 2024 के अनुसार: रु. 11,35,093/- (रुपये ग्यारह लाख पैंतीस हजार तिरानवे केवल) | रु. 7,28,000/- (रुपये सात लाख अठाईस हजार केवल); धरोहर राशि जमा (ईएमडी): रु. 72,800/- (रुपये बहत्तर हजार आठ सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 29-जुलाई-2024 11:00 बजे -14:00 बजे | 31-जुलाई-2024 अप. 5 बजे तक | 2-अग. -2024 11:00 बजे -13:00 बजे |

**भुगतान का मोड :-** ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने है। भुगतान करने के लिये आपको https://www.iiflonehome.com पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा।

**टिप्पणी :** प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं। सफल बोली पर, बकाया भुगतान हेतु, आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से भुगतान करना है। अकाउंट्स विवरण निम्नानुसार हैं :- ए) अकाउंट का नाम : आईआईएफल होम फाइनैंस लि., बी) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, सी) अकाउंट नं. :- 9902879xxxxx, इसके पश्चात प्रोसपैक्ट नम्बर, डी) आईएफएससी कोड :- SCBL0036001, ई) बैंक पता : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुम्बई-400001

**नियम एवं शर्तें :-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ौतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।
6. विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @1800 2672 499
7. सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।
8. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में पड़े घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
9. इसके अलावा कर्जदारों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
10. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
11. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी

स्थान : पानीपत दिनांक : 28 जून 2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


### समय पर राशन देना सुनिश्चित करें : शर्मा

**चंडीगढ़।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को समय पर राशन मिलना सुनिश्चित हो। इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। जहां-जहां आवश्यकता है, शीघ्र डिपो खोले जाएँ परंतु इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि डिपो आवंटन में किसी भी डिपो होल्डर का एकाधिकार न हो। मूलचंद शर्मा यहां विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राशन का समय पर पहुंचना भी सुनिश्चित करें।

### बिजली संयंत्रों में उपचारित जल का होगा उपयोग

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव टीवीएसएन. प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने सिंचाई, बिजली संयंत्रों और उद्योगों में उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए उपचारित अपशिष्ट जल नीति लागू की है। दिसंबर 2024 तक बिजली संयंत्रों में नहरी पानी की जगह उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण प्रयासों को और बल मिलेगा।

### चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से लेंगे फीडबैक : दुष्यत

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी सभी 22 जिलों के कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेगी और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएगी। पांच जुलाई से शुरू होने जा रही जेजेपी जिला स्तरीय बैठकों में सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में संगठन मजबूती पर फोकस किया जाएगा। यह बात पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। लोकसभा चुनाव के संदर्भ में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने और जिताने का था। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव लोकसभा से विपरीत होगा। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा के साथ गठबंधन करने से जेजेपी को नुकसान हुआ है इसलिए भविष्य में जेजेपी का भाजपा के साथ जाने का कोई औचित्य नहीं है।

# भाजपा ने गरीबों व सैनिकों को ठगा दस साल बाद भी नसीब नहीं छत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



- हाउसिंग बोर्ड द्वारा 18 स्कीम रद करने से लोग परेशान
- टूट रहा घर का सपना

सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि बड़े-बड़े दावे और वायदे कर वाहवाही लूटने वाली भाजपा सरकार ने गरीबों व सैनिकों के साथ बड़ी ठगी की है। 10 साल तक इनके रुपये बरतने वाला हाउसिंग बोर्ड न तो इनका घर का सपना ही साकार कर पाया है और न ही अब इन्हें 15 प्रतिशत ब्याज समेत राशि वापस करने को तैयार हो रहा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि ईडब्ल्यूएस परिवारों के लिए हिसाब व करनाल में तथा बीपीएल परिवारों के लिए धारूहेड़ा, सोनीपत, पानीपत व फरीदाबाद में फ्लैट बनाए जाने थे। लेकिन, इन सभी 7 स्कीमों को रद्द कर दिया गया। इसके विपरित भाजपा की केंद्र सरकार का दावा था कि 2022 तक देश के हर व्यक्ति को घर मुहैया जाएगा, लेकिन हरियाणा में रुपये लेने के बावजूद गरीबों को छत नसीब नहीं हो पाई है।

कुमारी सैलजा ने बृहस्पतिवार को मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने साल 2014 में डिफेंस, आर्थिक रूप से कमजोर व गरीबों के लिए फ्लैट स्कीम लॉन्च की थी। इनमें डिफेंस की 11 स्कीम और बीपीएल व ईडब्ल्यूएस की 07 स्कीम शामिल थी। अपने घर की आस में लोगों ने इन स्कीमों में बढ़-चढ़कर हस्सिा भी लिया, लेकिन आज तक किसी को भी फ्लैट नहीं मिल पाया। लोकसभा सांसद ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड ने लोगों से 200 करोड़ से अधिक रुपये एकत्रित कर लिए और इनका प्रयोग फ्लैट बनाने की बजाए कन्हिीं अन्य कार्यों में ही कर लिया। लोगों ने रुपये मांगने शुरू किए तो सरकार ने हाउसिंग बोर्ड की खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देना शुरू कर दिया। आज तक लोगों के जमा रुपये ब्याज समेत लौटाने पर कोई कदम नहीं उठाया गया है। लोकसभा सांसद सैलजा ने कहा कि डिफेंस के जेसीओ रैंक तक के सैनिकों व अर्धसैनिक बल के जवानों के लिए झज्जर, गुडग़ांव, फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, पिंजौर, रेवाड़ी, रोहतक, पलवल, सांपला आदि जगहों पर फ्लैट बनाए जाने थे।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | एक वर्ष हेतु अर्थात 01.08.2024 से 31.07.2025 तक सिंचाई भवन, सेक्टर-5, पंचकूला में फोटोस्टेट कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 7.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172570325 xenconst1@yahoo.com |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | कालांवाली निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद सड़कों को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) फग्गु से फत्तेवाली (वी1) (आईडी 5710) कि.मी. 0.00 से 0.50 और 1.10 से 2.40 (II) सुरतिया से फत्तेवाली (वी1) (रोड आईडी 5711) कि.मी. 0.61 से 3.06 I(III) डीएचएस रोड से कुरंगावाली (वीटी) (रोड आईडी 5687-5688) किमी. 6.50 से 6.65 और किमी. 0.00 से 5.43, 6.65 से 9.50 और 15.80 से 16.42 में पीसी (IV) सिरसा जिले में (ग्रुप नं. 4) सिंघपुरा से बेहमान तक पंजाब बॉर्डर तक (वी1) (रोड आईडी 11740) किमी. 1.05 से 1.47 में और किमी. 0.55 से 1.05 में आईपीबी। | बंद होने की तिथि 03.07.2024 | 379.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666220530 pwd-eepd1-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आरडी 156.700 से 166.150 और 168.420 से 170.110 तक पुराना दिल्ली हिसार सुलेमानकी (एनएच-10) रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4826) (हिसार निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 1) द्वितीय चरण 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 1355.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव अमुपुर ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में बीसी चौपाल के पिछली तरफ जोहड़ पर गौघाट का निर्माण, स्कीम वीएनजीवाई + 10 कार्य। | 25.06.2024 01.07.2024 | 58.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में आरडी 31.250 से 38.000 तक पानीपत-असंध रोड (एसएच-11) की विशेष मरम्मत (एसएच कंडीशन सर्वे 2023-24) (रोड आईडी=6684)। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 486.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098053 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में उचाना में कम्पोजिट ऑफिस की वार्षिक मरम्मत। | 27.06.2024 10.07.2024 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | जमाल = जमाल में एक अदद आरसीसी सम्प वैल आकार 16-00'×25-00', एक अदद पम्प चेम्बर आकार 10-00'×12-00', सी.सी. रोड और पथ का निर्माण, 400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप इनलेट चैनल बिछाना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग इत्यादि, पैनल बोर्ड के उपयुक्त आकार सहित पम्पिंग मशीनरी की स्थापना, जनरेटर सैट-100 केवीसी, 350 मिमी आई/डी डीआई राइजिंग मेन बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 26.06.2024 05.07.2024 | 58.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | आरडी 31600 से 36750 तक आदमपुर डिस्टी. की लाइनिंग हेतु आकलन (पाइप चैनल की बजाए सी.सी. लाइनिंग)। | 25.06.2024 05.07.2024 | 38.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8222856403 xenconst6hsr@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज झज्जर | 71.56- गांव ईशरहेड़ी में वीकेसी का निर्माण + 19 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 702.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज झज्जर | 3.00- गांव धानिया, ब्लॉक साल्हावास में पार्क को पूरा करना + 14 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 280.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | गांव कुलाना में ग्राम सचिवालय में चौकीदार रूम का निर्माण + 12 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 218.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं के लिए अम्बाला सिटी, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 27.06.2024 11.07.2024 | 11.95 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 13 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवाओं के लिए हिसार, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 27.06.2024 11.07.2024 | 12.87 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज झज्जर | 26.72 - गांव चमनपुरा में इंडोर जिम हॉल में हॉल का अपग्रेडेशन + 9 कार्य। | 21.06.2024 01.07.2024 | 374.1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812544460 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में बीपीएस खानपुर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अग्निशमन प्रणाली का रखरखाव कार्य + 1 कार्य। | 26.06.2024 10.07.2024 | 547.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 16 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | ट्यूब और फ्लैप सहित आकार 10.00आर20-16पीआर के न्यू स्टील रेडियल टायर सैट्स की खरीद हेतु निविदा सूचना। | 28.06.2024 18.07.2024 | 6.07 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 17 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | किसानों को मृदा परीक्षण सेवाओं के प्रावधान हेतु इंडक्टिवली कपल्ड प्लाजमा स्पेक्ट्रोमीटर (आईसीपी) की खरीद। | 28.06.2024 29.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 1722570122 supplies@hry.nic.in |
| 18 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | 1. एफएसएल (एच) मधुबन हेतु एसीसीएस. सहित जेनेटिक एनालाइजर/ऑटोमेटेड डीएनए सिक्वेंसर की खरीद, 2. एफएसएल (एच) मधुबन हेतु एसीसीएस. सहित ऑटोमेटेड लिक्विड हैंडलिंग सिस्टम की खरीद। | 28.06.2024 29.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 1722570122 supplies@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गांव नागला रोडां ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में अजमेर के मकान से आवरधन नाहर तक बीओईपी का निर्माण + 14 कार्य। | 26.06.2024 10.07.2024 | 176.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/380/27250/I/88/6 दि. 27.06.24

किसी भी पार्टी के लिए आसान नहीं जीत की राह, बदला हुआ है मतदाताओं का मूड

# 46-44 के फेर में फंस गई भाजपा-कांग्रेस सरकार बनाने में 'फिल्टर' फटेंगे..

मनोज वर्मा ▸▸ रोहतक

इस बार हरियाणा में सरकार बनाना किसी भी पार्टी के लिए आसान नहीं होगा। कांग्रेस और भाजपा के बीच रोचक मुकाबला होगा। लोकसभा में दोनों ही दलों ने 5-5 सीट जीती हैं। लेकिन हर लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं का रुझान अलग रहा। 10 लोकसभाओं की 90 में से 46 विधानसभाओं के वोटर्स ने कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताया। वहीं 44 विधानसभाओं में भाजपा का पलड़ा भारी रहा। तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं, भाजपा ने रोहतक से चुनाव प्रचार का आगाज भी कर दिया है, लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान जिन 46 विधानसभाओं में कांग्रेस जीतकर आई है, उनमें भाजपा की राह आसान नहीं होगी। सिरसा और रोहतक की 18 विधानसभा सीट तो ऐसी हैं, जिनमें कांग्रेस को झोली भरकर वोट मिले हैं। इसी तरह करनाल लोकसभा की सभी 9 सीट भाजपा के खाते में हैं और इन पर बंपर वोट भाजपा के खाते में आए हैं। कांग्रेस और भाजपा के अलावा किसी दूसरे राजनीतिक दल को जनता ने तवज्जों नहीं दी। विधानसभा चुनाव में कांटे की टक्कर होगी और जो दल लोकसभा में खाता नहीं खोल पाए वे विधानसभा जाने के लिए एडी चोटी का जोर लगाएंगे। कुल मिलाकर इस बार विधानसभा चुनाव जीतने और सरकार बनाने में राजनीतिक दलों के फिल्टर फटेंगे।

### इनेलो-जेजेपी का भविष्य तय होगा

ये विधानसभा चुनाव जेजेपी और इनेलो के भविष्य का सवाल लिए खड़ा है। पिछले चुनाव में नई पार्टी जेजेपी ने 10 सीट जीतकर सभी को चौका दिया था। लेकिन इनेलो टूट गई थी। जेजेपी ने भाजपा से गठबंधन किया और लोकसभा चुनाव से पहले दोनों दल अलग भी हो गए। जेजेपी के विधायक भी पार्टी से अलग हो रहे हैं। ये विधानसभा चुनाव इनेलो और जननायक जनता पार्टी दोनों का भविष्य तय करेगा। गौर करने लायक है कि हाल ही में इनेलो ने अपने पांच उम्मीदवार घोषित करके चुनावी शंखनाद कर दिया है।

## लोकसभा में किस विधानसभा से कौन सा दल जीता

**अंबाला लोकसभा: कांग्रेस 5 विधानसभा में जीता**
कांग्रेस को वोट: 663657
भाजपा को वोट: 614621

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| नारायणगढ़ | कांग्रेस | 54.6 |
| अंबाला सिटी | कांग्रेस | 49.7 |
| मुलाना | कांग्रेस | 55.3 |
| साढौरा | कांग्रेस | 59.1 |
| जगाधरी | कांग्रेस | 52.7 |
| कालका | भाजपा | 51.6 |
| पंचकूला | भाजपा | 56.5 |
| अंबाला कैंट | भाजपा | 49.2 |
| यमुनानगर | भाजपा | 55.6 |

**कुरुक्षेत्र लोकसभा: भाजपा 5 विधानसभा में जीता**
भाजपा को वोट: 542175
कांग्रेस को वोट: 513154

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| रादौर | भाजपा | 49.9 |
| लाडवा | भाजपा | 47.1 |
| कैथल | भाजपा | 49.6 |
| पूंडरी | भाजपा | 44.3 |
| थानेसर | भाजपा | 53.8 |
| शाहबाद | कांग्रेस (आप) | 49.4 |
| पिहोवा | कांग्रेस (आप) | 44.8 |
| गुहला | कांग्रेस (आप) | 45.8 |
| कलायत | कांग्रेस (आप) | 45.1 |

**सिरसा लोकसभा: कांग्रेस सभी 9 विधानसभा में जीता**
कांग्रेस को वोट: 465326
भाजपा को वोट: 733823

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| नरवाना | कांग्रेस | 49.0 |
| टोहाना | कांग्रेस | 61.1 |
| फतेहाबाद | कांग्रेस | 53.6 |
| रतिया | कांग्रेस | 57.6 |
| कालांवाली | कांग्रेस | 58.9 |
| डबवाली | कांग्रेस | 50.5 |
| रनिया | कांग्रेस | 53.2 |
| सिरसा | कांग्रेस | 51.1 |
| ऐलनाबाद | कांग्रेस | 51.5 |

**हिसार लोकसभा: कांग्रेस 6 विधानसभा में जीता**
कांग्रेस को वोट: 570424
भाजपा को वोट: 507043

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| उचाना कलां | कांग्रेस | 57.9 |
| आदमपुर | कांग्रेस | 48.6 |
| उकलाना | कांग्रेस | 53.1 |
| नारनौंद | कांग्रेस | 62.1 |
| नलवा | कांग्रेस | 46.6 |
| बवानी खेड़ा | कांग्रेस | 47.0 |
| हांसी | भाजपा | 49.5 |
| बरवाला | भाजपा | 20.2 |
| हिसार | भाजपा | 64.5 |

**करनाल लोकसभा: भाजपा सभी 9 विधानसभा में जीता**
भाजपा को वोट: 739285
कांग्रेस को वोट: 506708

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| नीलोखेड़ी | भाजपा | 48.0 |
| इंद्री | भाजपा | 54.0 |
| करनाल | भाजपा | 59.2 |
| घरौंड़ा | भाजपा | 56.2 |
| असंध | भाजपा | 43.8 |
| पानीपत ग्रामीण | भाजपा | 60.2 |
| पानीपत सिटी | भाजपा | 69.6 |
| इसराना | भाजपा | 48.2 |
| समालखा | भाजपा | 53.3 |

**सोनीपत लोकसभा: भाजपा 5 विधानसभा में जीत**
कांग्रेस को वोट: 548682
भाजपा को वोट: 526866

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| गन्नौर | भाजपा | 48.8 |
| राई | भाजपा | 49.2 |
| सोनीपत | भाजपा | 61.5 |
| सफीदों | भाजपा | 49.6 |
| जींद | भाजपा | 49.4 |
| खरखौदा | कांग्रेस | 53.5 |
| गोहाना | कांग्रेस | 48.6 |
| बड़ौदा | कांग्रेस | 60.0 |
| जुलाना | कांग्रेस | 57.0 |

**रोहतक लोकसभा: कांग्रेस सभी 9 विधानसभा में जीत**
कांग्रेस को वोट: 438280
भाजपा को वोट: 783578

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| महम | कांग्रेस | 68.1 |
| गढ़ी-सांपला-किलोई | कांग्रेस | 74.4 |
| रोहतक | कांग्रेस | 51.4 |
| कलानौर | कांग्रेस | 62.5 |
| बहादुरगढ़ | कांग्रेस | 56.6 |
| बादली | कांग्रेस | 67.5 |
| झज्जर | कांग्रेस | 66.4 |
| बेरी | कांग्रेस | 72.3 |
| कोसली | कांग्रेस | 48.7 |

**भिवानी लोकसभा: भाजपा की 6 विधानसभा में जीत**
भाजपा को वोट: 588664
कांग्रेस को वोट: 547154

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| भिवानी | भाजपा | 58.5 |
| तोसाम | भाजपा | 50.1 |
| अटेली | भाजपा | 55.2 |
| महेंद्रगढ़ | भाजपा | 49.8 |
| नारनौल | भाजपा | 56.9 |
| नांगल चौधरी | भाजपा | 49.1 |
| बाडढ़ा | कांग्रेस | 58.4 |
| दादरी | कांग्रेस | 50.0 |
| लोहारू | कांग्रेस | 51.1 |

**गुरुग्राम लोकसभा: भाजपा 6 विधानसभा में जीत**
भाजपा को वोट: 808336
कांग्रेस को वोट: 733257

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| बावल | भाजपा | 55.4 |
| रेवाड़ी | भाजपा | 59.8 |
| पटौदी | भाजपा | 61.5 |
| बादशाहपुर | भाजपा | 69.4 |
| गुरुग्राम | भाजपा | 70.9 |
| सोहना | भाजपा | 49.5 |
| नूंह | कांग्रेस | 72.5 |
| फिरोजपुर झिरखा | कांग्रेस | 79.4 |
| पुन्हाना | कांग्रेस | 84.4 |

**फरीदाबाद लोकसभा: भाजपा 6 विधानसभा में जीत**
भाजपा को वोट: 788569
कांग्रेस को वोट: 615655

| विधानसभा | जीत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| पलवल | भाजपा | 54.5 |
| फरीदाबाद एनआईटी | भाजपा | 59.4 |
| बड़खल | भाजपा | 58.3 |
| बल्लबगढ़ | भाजपा | 64.1 |
| फरीदाबाद | भाजपा | 60.1 |
| तिगांव | भाजपा | 59.9 |
| हथीन | कांग्रेस | 63.6 |
| होडल | कांग्रेस | 48.1 |
| पृथला | कांग्रेस | 49.0 |

### सबसे ज्यादा वोट पुन्हाना ने दिए

गुरुग्राम की पुन्हाना विधानसभा के वोटर्स ने कांग्रेस को 84.4 प्रतिशत वोट दिए। यहां कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर को 108645 वोट मिले जबकि भाजपा के राव इंद्रजीत को 16181 वोट ही मिल पाए। इसी तरह चार विधानसभाएं ऐसी हैं जहां से कांग्रेस उम्मीदारों को 70 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल हुए। इनमें गुरुग्राम की विधानसभा नूंह में कांग्रेस को 72.5 प्रतिशत, फिरोजपुर झिरखा में 79.4, रोहतक की गढ़ी-सांपला-किलोई में दीपेंद्र को 74.4 और बेरी से बेरी 72.3 प्रतिशत वोट मिले। इनके अलावा अन्य कोई विधानसभा ऐसी नहीं है जहां कांग्रेस और भाजपा को 70 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले हों। इन सीटों पर विशेष नजरें रहेंगी।

### सीएम सिटी करनाल रहेगा या रोहतक!

विधानसभा चुनाव में करनाल और रोहतक सीट पर सबकी निगाहें रहेंगी। फिलहाल मुख्यमंत्री नायब सैनी करनाल सीट से विधायक हैं और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी इसी सीट से विधायक बने थे। 10 साल बाद रोहतक क्षेत्र से सीएम की कुर्सी खिसककर करनाल चली गई है। इसे दोबारा रोहतक में लाने के लिए कांग्रेस कसर नहीं छोड़ रही। रोहतक जिले के गढ़ी-सांपला-किलोई से जीतने के बाद 10 साल तक भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा के सीएम की कुर्सी करनाल में जमाए रखना और कांग्रेस के लिए इस कुर्सी को फिर रोहतक में लाने के लिए घमासान होगा।

## भूमि विवाद में भाई ने भाई को मारी गोली, हालत गंभीर



नूंह। मामले की जांच करते पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नूंह

■ घायल को नूंह नलहड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, मामले की कार्रवाई में जुटी पुलिस

जिले के तावडू उपमंडल के अधीन गांव चिलावली में भूमि विवाद को लेकर भाई द्वारा भाई को गोली मारने का मामला सामने आया है। गोली लगने से घायल एक को उपचार के लिए नूंह नलहड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। पुलिस इस मामले की कार्रवाई में जुटी है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक दो भाई साहून और हूर खान पुत्रान भागमल निवासी चिलावली थाना तावडू में भूमि विवाद को लेकर पुरानी रंजिश थी। बृहस्पतिवार की सुबह 9:00 बजे के करीब दोनों भाइयों के परिवार में भूमि रास्ते की पैमाइश को लेकर विवाद हुआ, जो इतना बढ़ गया की हूर खान ने अपने सगे भाई साहुन पर गोली चला दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा होने पर गांव में हड़कंप मच गया।वहीं सूचना की थोड़ी देर बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

पीड़ित साहुन की पत्नी ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह भूमि पैमाइश को लेकर विवाद हुआ था। उसी दौरान हूर खान ने अपनी छत से फायरिंग शुरू कर दी। परिवार के लोगों ने बचाव करने का प्रयास किया लेकिन पति साहून के हाथ में गोली लग गई। जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया।दावा है कि की आरोपी की ओर से चार से पांच राउंड फायरिंग की गई।सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो आरोपी फरार हो गए। जबकि घायल साहून को नूंह मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।वही इस हादसे की पुष्टि करते हुए तावडू डीएसपी मुकेश कुमार का कहना है की दो भाइयों में भूमि विवाद को लेकर गोली चली है।जिसमें साहून हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है हालांकि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत नहीं मिली है। जल्द शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।फिलहाल गांव में नियंत्रण के साथ शांति है।

## सीवर साफ करने के दौरान गैस चढ़ने से एक मजदूर की मौत

■ दो श्रमिकों की हालत भी गंभीर निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

सदर थाना एरिया में सीवर साफ करने के दौरान गैस चढ़ने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दो उसे बचाने के लिए सीवर में उतरे दो श्रमिकों की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। जिनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर ठेकेदार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

वेस्ट बंगाल के दिनाजपुर निवासी नूर इस्लाम सेक्टर-49 स्थित बंगाली मार्केट में परिवार सहित रहता था। वह ठेकेदार मुकीम अली के साथ सीवर सफाई का काम करता था। बीती सायं करीब सात बजे वह अन्य श्रमिकों के साथ सेक्टर-47 में सीवर साफ कर रहा था। इसी दौरान गैस चढ़ने के चलते इस्लाम सीवर में गिर गया। वहीं उसे बचाने के लिए उसके साथी फाजिलपुर गांव के रहने वाले अनरुल और चंदन सीवर में नीचे उतरे, लेकिन सीवर में गैस रिसाव के कारण उनकी भी हालत खराब हो गई। आसपास के लोगों ने तीनों को निकालकर निकट के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया। जहां नूर इस्लाम की इलाज के दौरान मौत हो गई। अनरुल और चंदन का उपचार चल रहा है। मरने वाले नूर इस्लाम की पत्नी मौसमी ने पुलिस को बताया कि ठेकेदार की तरफ से श्रमिकों को सुरक्षा बेल्ट व अन्य उपकरण नहीं दिए गए थे।

## गश्त करने के लिए निकली पुलिस टीम पर हमला

### अपहरण करके हवलदार को पीटा

■ बंधक बनाकर की मारपीट, एक लाख रुपये मांगे, तीन पर मामला दर्ज



नारनौंद। नारनौंद थाना में खड़ी आरोपियों की गाड़ी। फोटो: हरिभूमि

**नारनौंद।** उपमंडल के गांव हैबतपुर में रात्रि गश्त के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस की एवीटी टीम व एक्साइज टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान हवलदार को गाड़ी से टक्कर मार दी। पुलिस ने इस संबंध में तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

एवीटी एवं एक्साइज स्टाफ हांसी के हवलदार सुनील कुमार ने गुरुवार को पुलिस को दिए बयान कहा है कि वह सिपाही भूपेंद्र सिंह के साथ हैबतपुर गांव में रात्रि गश्त पर था। इस दौरान लोहारी राघो गांव की तरफ से एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी आती दिखाई दी। हवलदार सुनील ने गाड़ी को रोकने का इशारा किया तो गाड़ी चालक ने गाड़ी रोकने की बजाय सीधी टक्कर मारने की कोशिश की। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। उसके बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आरोपी कुछ देर बाद वापस आया और जान से मारने की नीयत से गाड़ी से सीधी टक्कर मार दी। उसके बाद आरोपी चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी घायल अवस्था में गाड़ी में डालकर अपने साथ ले गए। जहां पर आरोपियों ने घर पर जाने के बाद फिर से उसके साथ मारपीट की। उसके बाद तीनों ने कहा कि अपने घरवालों से एक लाख रुपए मंगवा लो, वरना तुम्हें जान से मार कर नदी में बहा देंगे। वह किसी तरह मौका पाकर वहां से भाग निकला। सिपाही भूपेन्द्र टक्कर मारने के समय वहां से भाग गया था और फिर उसे हैबतपुर बस स्टैंड पर मिला। उसने डायल 112 पर सूचना दी और पुलिस उसको नारनौंद के नागरिक अस्पताल में ले गई जहां से डॉक्टरों ने उसे इलाज के लिए हिसार रेफर कर दिया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। हवलदार सुनील ने कहा कि विकास, वजीर व सोनू ने अपहरण करके सरकारी कार्य में बाधा डाली और जान से मारने की नीयत से उसे टक्कर मारते हुए व एक लाख रुपए के लिए बिना वजह मार पिटाई की है।

## गांव खरींडवा में जोहड़ में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र/शाहबाद

निकटवर्ती गांव खरींडवा में जोहड़ में डूबने से 2 बच्चों की मौत हुई है। दोनों बच्चे दोपहर करीब 12:30 बजे घर से खेलने के लिए निकले थे, लेकिन जब वह दोपहर 2:30 बजे तक घर वापस नहीं आए तो दोनों परिवार चिंता में आए और जब जोहड़ के किनारे दोनों बच्चों के कपड़े पड़े दिखाई दिए, तो यह साफ हो गया कि दोनों नहाने के लिए जोहड़ में कूदे हुए है। तत्पश्चात तलाश शुरू की गई और कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 4:30 बजे दोनों के शव जोहड़ के अंदर से बरामद हुए। सूचना शाहाबाद थाना पुलिस को दी गई और तत्पश्चात पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुटी। दोनों के शव मिलने के बाद गांव में मातम सा माहौल है। पुलिस दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाना चाहती थी, लेकिन एक बच्चे के परिवार ने पोस्टमार्टम करवाने और कार्रवाई करवाने से साफ मना कर दिया है, जबकि एक परिवार पुलिस के कहने पर पोस्टमार्टम करवा रहा है।

जानकारी के मुताबिक 11 वर्षीय चेतन पुत्र निर्मल सिंह और 11 वर्षीय मनप्रीत उर्फ मयंक पुत्र सतीश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरींडवा में चौथी क्लास के छात्र है। स्कूल में अवकाश के चलते दोनों रोजाना घर से इकट्ठे खेलने के लिए निकलते है और वीरवार को भी दोपहर करीब 12:30 बजे दोनों अपने-अपने घरों से इकट्ठे खेलने के लिए निकले थे। जब दोनों दोपहर 2:30 बजे तक खाना खाने के लिए घर वापस नहीं आए, तो परिवारों को बच्चों की चिंता सताने लगी। जब परिवारों ने दोनों की तलाश शुरू की तो दोनों के कपड़े जोहड़ के किनारे पड़े दिखाई दिए।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक से ठगी


**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम थाना सेक्टर-43 में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक को 12 हजार 138 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के महरौली निवासी योगेश जोशी ने कहा कि उसका ऑफिस गुड़गांव के सेक्टर-61 में है। वह बीती सांय सेक्टर-42 में था कि उसके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले खुद को एचडीएफसी बैंक से बताया और योगेश के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के बारे में कहा। योगेश इसके लिए तैयार हो गया तो उससे कॉल पर ही क्रेडिट कार्ड की तमाम जानकारी ली व कार्ड का नंबर, समाप्ति तिथि, सीवीवी सांझा करने के बाद योगेश ने उनके साथ ओटीपी भी शेयर कर दिया।

### कलयुगी मां ने बेटी को सड़क किनारे फेंका

**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 एरिया में एक कलयुगी मां अपनी 15 दिन की बेटी को मेट्रो स्टेशन के पास छोड़कर फरार हो गई। जब एक व्यक्ति की नजर सड़क किनारे रोती हुई इस मासूम पर पड़ी तो इसकी जानकारी गुरुग्राम पुलिस को दी गई। सेक्टर-29 थाना पुलिस ने मासूम को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही कलयुगी मां के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी मूल के देवेंद्र सिंह ने बताया कि वह 26 जून को इफ्को चौक मेट्रो स्टेशन के पास मौजूद था। वह बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान उसे एक बच्ची के रोने की आवाज आई। काफी देर तक वह आसपास देखता रहा, लेकिन उसे कोई बच्चा या महिला ऐसी नजर नहीं आई

### कैलिफोर्निया की साल्टन झील में डूबने से करनाल के दो युवकों की मौत

**करनाल।** अमेरिका के कैलिफोर्निया की साल्टन झील में डूबने से जिले के 2 युवकों की मौत हो गई। परिजनों की भारत सरकार से मांग है कि उनके बेटों के शवों को भारत लाया जाए ताकि वह उनका अपने हाथों से अंतिम संस्कार कर सके। इनमें एक युवक गांव गोबिंदगढ़ का तो दूसरा गांव चुरनी जागीर का रहने वाला है। दोनों घर के इकलौते थे। जिनके घरों में मातम पसरा हुआ है। गांव चुरनी जागीर निवासी रुपिंद्र सिंह ने बताया कि उसने करीब 14 महीने पहले ही अपने बेटे इक्कम प्रीत को अमेरिका भेजा था। वह वहां पर खुश था। 25 जून को वह नहाने के लिए झील पर गए थे। उसके साथ गोबिंदगढ़ निवासी महताब भी था। जब इक्कम झील में नहाने लग रहा था तो वह डूबने लगा। उसे बचाने के लिए गोबिंदगढ़ निवासी महताब ने भी छलांग लगाई तो वह भी डूबने लगा तो आस पास के लोगों ने उसे निकाल लिया और अस्पताल में दाखिल कराया। उनके बेटे को कोई सुराग नहीं लगा तो 24 घंटे बाद उनके बेटे का शव झील से मिला। कल ही उन्हें इसकी सूचना मिली है। उसके बेटे को वर्क परमिट मिलने वाला था। वहीं गोबिंदगढ़ निवासी महताब के परिजनों ने बताया कि उन्होंने 50 लाख रुपये खर्च कर महताब को अमेरिका भेजा था। झील से निकालने के बाद उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया था। उसके दिमाग में पानी चला गया था। अस्पताल में वह दो दिन वेंटिलेटर पर रहा और रात उसने दमतोड़ दिया। महताब अपनी बुआ फुफा के पास रहता था।





राजनीति | पार्टी के पास इस क्षेत्र में राव अकेले बड़ा चेहरा


# अहीरवाल में राव पर भाजपा का बड़ा दारोमदार

■ लोकसभा चुनावों में दस में से 5 सीटों पर पार्टी को मिल चुकी जीत, तीसरी बार सरकार बनाने में रहेगी अहीरवाल की बड़ी भूमिका


नरेन्द्र वत्स ▸▸ रेवाड़ी



राव इन्द्रजीत सिंह



नायब सैनी



मनोहर लाल

लोकसभा चुनावों में बड़ी मात खा चुकी भाजपा विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से लगातार विधानसभा चुनावों की रणनीति पर मंथन किया जा रहा है। एक बार फिर से प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने के लिए भाजपा की नजरें अहीरवाल क्षेत्र पर टिकी रहेंगी।

प्रदेश में सरकार बनाने में दक्षिणी हरियाणा के 10 विधानसभा क्षेत्रों की भूमिका काफी बड़ी होती है। इस क्षेत्र से जो पार्टी ज्यादा सीटें निकालने में कामयाब रहती है, उसे ही प्रदेश में सरकार बनाने का मौका मिलता है। बीते लोकसभा चुनावों में भाजपा को इस क्षेत्र की 10 विधानसभा सीटों में से 9 पर जीत हासिल हुई है, जबकि एक कोसली हलके में उसे महज 2 मतों की मामूली हार का सामना करना पड़ा है। दक्षिणी हरियाणा ने पार्टी को दो सांसद दिए हैं।

अहीरवाल क्षेत्र में राव इंद्रजीत सिंह निर्विवाद रूप से अकेले ऐसे नेता हैं, जिनका इन दसों सीटों पर व्यक्तिगत जनाधार है। राव को छोड़कर भाजपा से लेकर कांग्रेस तक में ऐसा कोई प्रभावी नेता मौजूद नहीं है। राव के निजी समर्थकों की अपनी अलग टीम है, जो पार्टी लाइन से हटकर सिर्फ उनके लिए काम करती है। दक्षिणी हरियाणा में एक बार फिर से सफल होने के लिए भाजपा के लिए राव इंद्रजीत सिंह सबसे बड़ा चेहरा हैं। इस क्षेत्र में पिछला प्रदर्शन दोहराने के लिए एक बार फिर से पार्टी को राव पर डिपेंड होना पड़ेगा। इस समय राव और भाजपा के बीच दूरियां साफ तौर पर देखने को मिल रही हैं। अगर यह दूरी बरकरार रही, तो पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। विधानसभा चुनावों को देखते हुए राव भी अपने व्यक्तिगत जनाधार को मजबूत करने की दिशा में बड़ी रणनीति के तहत काम कर रहे हैं।

### राव के पीछे चलने को तैयार नहीं नेता

*वर्ष 2013 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राव इंद्रजीत सिंह के साथ भाजपा के पुराने नेताओं से किसी भी चुनाव में पटरी नहीं बैठ पाई। पार्टी के पास मौजूद टिकट के दावेदार सीनियर लीडर अपने-अपने हलके तक सीमित हैं, परंतु पूरे दक्षिणी हरियाणा में इनमें से कोई मजबूत स्थिति में नहीं है। राव का हर हलके में जनाधार होने के बावजूद भाजपा के सीनियर लीडर उनके पीछे चलने को तैयार नहीं हैं।*

### गुटबाजी के चलते गंवाई थी भाजपा ने दो सीट

*गत विधानसभा चुनावों में दक्षिणी हरियाणा में रेवाड़ी, नारनौल, अटेली, बादशाहपुर, बावल, कोसली और गुरुग्राम में टिकटों का वितरण राव की मर्जी के मुताबिक हुआ था। रेवाड़ी और बादशाहपुर में राव समर्थक प्रत्याशियों के साथ खुलकर भीतरघात हुआ था, जिस कारण यह दोनों सीटें भाजपा के हाथ से निकल गई थीं। इस बार पार्टी भीतरघात को रोकने के लिए व्यापक रणनीति को अंतिम रूप जरूर देगी।*

टी-20 वर्ल्ड कप : अंग्रेजों को बुरी तरह हराया, 16.4 ओवर में 103 रन पर पवेलियन भेजा

# तीसरी बार फाइनल में पहुंचा भारत, रोहित शर्मा की बल्लेबाजी व अक्षर की गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड पस्त

■ रोहित शर्मा ने 57 और सूर्यकुमार यादव ने 47 रन की पारी खेली

भाषा ▶▶| जॉर्जटाउन (गयाना)

भारत 10 साल बाद फिर टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है। तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 68 रन से हराया। गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की फिफ्टी के सहारे इंग्लैंड को 172 का टारगेट दिया, फिर कुलदीप और अक्षर की गेंदबाजी के दम पर इंग्लिश टीम को 16.4 ओवर में 103 रन पर पवेलियन भेज दिया। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने मिलकर 6 बैटर्स को पवेलियन भेजा। जसप्रीत बुमराह ने फिल सॉल्ट और जोफ्रा आर्चर को आउट किया। दो बैटर रनआउट हुए। भारत ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के सामने 172 रन का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 171 रन बनाए। भारत की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने 47 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही थी। विराट कोहली (9) और ऋषभ पंत (4) कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद रोहित ने सूर्या के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी निभाई।






## बारिश बनी बाधा एक घंटा देरी से शुरू हुआ मैच

बारिश के कारण मैच करीब एक घंटे तक रुका रहा। देरी से शुरू हुए मैच में भारत ने खेलते हुए दो विकेट गंवाकर 65 रन बना लिए हैं, तभी बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे बाद दोबारा मैच शुरू हुआ।

## गेंदबाज छाए

भारतीय गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की। इंग्लैंड के बल्लेबाजों को कभी भी मैच में टिकने नहीं दिया। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को तीन-तीन और जसप्रीत बुमराम को दो विकेट मिले।



## अफ्रीका 'चोकर्स' नहीं 'विनर्स', पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में बनाई जगह

अफगानिस्तान का सपना टूटा, 9 विकेट से मिली हार



एजेंसी ▶▶| तारोबा

अपने जांबाज प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले अफगानिस्तान का टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया जब दक्षिण अफ्रीका ने अपने पर लगा 'चोकर्स' का ठप्पा हटाते हुए उसे 9 विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब दक्षिण अफ्रीका का सामना शनिवार को फाइनल में भारत या इंग्लैंड से होगा। इस हार के बावजूद हालांकि अफगान टीम फख्र के साथ सिर ऊंचा करके स्वदेश लौटेगी जिसने अपने जुझारू प्रदर्शन से समूचे क्रिकेट जगत को चौंका दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए अफगानिस्तान को मात्र 56 रन पर आउट कर दिया। मार्को जेनसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि कैगिसो रबाडा ने 14 और एनरिच नॉर्किया ने सात रन देकर दो दो विकेट चटकाए। पावरप्ले के भीतर अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 28 रन था और पूरी टीम 11.5 ओवर में आउट हो गई। क्विंटोन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में 60 रन आसानी से बना डाले। रीजा हेंडरिक्स 29 रन बनाकर और कप्तान एडेन माक्ररम 23 रन बनाकर नाबाद रहे।



## खबर संक्षेप



### लंदन में आयोजित होगी वैश्विक शतरंज लीग

**लंदन।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे। यह लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन सहित कई युवा खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे।

### बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल

**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाए हैं। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा, 'बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं।' बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं।



### महिलाओं के लिए और टेस्ट की मांग

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले महिला क्रिकेट कैलेंडर में और अधिक टेस्ट मैच शामिल करने की मांग की। लौरा ने साथ ही अपने देश के घरेलू ढांचे में भी लाल गेंद वाले टूर्नामेंट को शामिल करने की मांग की। भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम यहां चेपक में इतिहास के अपने तीसरे और लगभग 10 वर्ष में पहले टेस्ट के लिए आमने सामने होंगी। लौरा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम इस टेस्ट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं है।




## किरण ने 400 मीटर में स्पर्धा में हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| पंचकुला

हरियाणा की किरण पहल ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में 50.92 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया।

महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालीफाइंग मार्क 50.95 सेकंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रही। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं।





## टेस्ट : भारत की युवा खिलाड़ियों पर नजर

**चेन्नई।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने-सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। महिला खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल कम से कम पांच खिलाड़ियों को यहां पदार्पण करने का मौका मिल सकता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक दूसरे के खिलाफ लगभग एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी।



## मुगुरुजा डब्लूटीए फाइनल्स की नई टूर्नामेंट निदेशक

**रियाद।** हाल ही में टेनिस को अलविदा कहने वाली दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन गार्बाइन मुगुरुजा सउदी अरब में 2024-26 में होने वाले डब्लूटीए फाइनल्स की टूर्नामेंट निदेशक होंगी। मुगुरुजा पहली पूर्व खिलाड़ी है जो सत्र की आखिरी चैंपियनशिप में यह पद संभालेंगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ियों और शीर्ष आठ महिला युगल टीमों के बीच होने वाला यह एलीट टूर्नामेंट पहली बार इस साल सउदी अरब में दो से नौ नवंबर के बीच होगा। मुगुरुजा ने टूर पर आखिरी बार जनवरी 2023 में खेला था।




## श्रीलंकाई कोच सिल्वरवुड ने पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिए फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।'



## रोनाल्डो से हुई बातचीत से प्रेरित हो ख्विचा ने पुर्तगाल को हराया



एजेंसी ▶▶| गेलसेनकिरचेन

यूरो 2024

मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने ख्विचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारात्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की। उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली और इसी खिलाड़ी ने मैच में पहला गोल दाग दिया।

रोनाल्डो अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं। जॉर्जिया को नॉकआउट में पहुंचने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था। उसने 93वें सेकंड में बढ़त बना ली जब जार्जेस एम के पास पर कवारात्सखेलिया ने गेंद गोल के भीतर डाला। दूसरा गोल 57वें मिनट में जॉर्जेस मिकाउतात्जे ने दागा। पुर्तगाल ग्रुप एफ से पहले ही क्वालीफाई कर चुका है जबकि जॉर्जिया तीसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में पहुंचा।

### बेल्जियम अंतिम 16 में पहुंचा



**स्टटगार्ट।** बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जबकि यूक्रेन चार अंक लेकर बाहर होने वाली ग्रुप की पहली टीम बन गई। बेल्जियम का सामना अब सोमवार को डसेलडोर्फ में अंतिम 16 के मुकाबले में फ्रांस और काइलियान एमबाप्पे से होगा। ग्रुप ई में सभी टीमों के चार अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर रोमानिया शीर्ष, बेल्जियम दूसरे और स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रहा। रोमानिया और स्लोवाकिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। रोमानिया वर्ष 2000 के बाद पहली बार यूरो नॉकआउट में खेलेगा।

विश्व कप के नॉकआउट चरण में दक्षिण अफ्रीका हारकर होती है बाहर


## जीती हुई बाजी को हारने के कारण लगा चोकर्स का धब्बा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हारकर जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं लेकिन क्रिकेट वर्ल्ड कप में जीतकर हार जाने वाले को 'चोकर्स' कहते हैं। बात हो रही है दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम की जो बड़े टूर्नामेंट खासकर वर्ल्ड कप में जबरदस्त प्रदर्शन करने के बावजूद अहम मौके पर हार जाती है। शायद यही कारण है कि दिग्गजों से भरी हुई दक्षिण अफ्रीकी टीम कई मौके मिलने के बावजूद आज तक कभी भी वर्ल्ड कप नहीं जीत पाई है। आलम यह था कि दक्षिण अफ्रीका को दबाव के आगे घुटने टेकने वाले 'चोकर्स' कहा जाने लगा लेकिन एक मैच ने दास्तां बदल दी, वक्त बदल दिया और जज्बात बदल दिए। अफगानिस्तान को तारोबा में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नौ विकेट से हराकर पहली बार दक्षिण अफ्रीका टीम फाइनल में पहुंची तो न जाने कितने सालों के जख्मों पर मरहम लग गया।

**1992 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल**
दबाव के आगे घुटने नहीं टेके लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। रंगभेद के कारण बाईस साल का निष्कासन झेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी दक्षिण अफ्रीका के पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और चुस्त फील्डर थे। लेकिन सेमीफाइनल में बारिश आई और उसे सात गेंद से 22 रन की बजाय अब एक गेंद में 22 रन बनाने का संशोधित लक्ष्य मिला।

**1996 विश्व कप क्वार्टर फाइनल**
सभी ग्रुप मैच जीतने के बाद हैंसी क्रोन्ये की टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा था लेकिन ब्रायन लारा की जबर्दस्त बल्लेबाजी के बाद रोजर हार्पर और जिम्मी एडम्स की फिरकी के जाल में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फंसते चले गए और 19 रन से हार गए।



**1999 विश्व कप सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का सबसे निराशाजनक मैच। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे लांस क्लूसनर को जिसने 'ट्रेजेडी किंग' बना दिया। जीत के लिए 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में नौ रन बनाने थे। आखिरी जोड़ी क्रीज पर थी। क्लूसनर ने पहली दो गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर एलेन डोनाल्ड रन आउट हो गए और मैच टाई हो गया।

**2007 विश्व कप सेमीफाइनल**
पहले बल्लेबाजी का दक्षिण अफ्रीका का फैसला गलत साबित हुआ । ग्रीम स्मिथ, हर्शल गिब्स , जाक कैलिस, एबी डिविलियर्स और मार्क बाउचर जैसे धुरंधर 149 के स्कोर पर आउट हो गए । आस्ट्रेलिया ने 20 ओवर बाकी रहते मैच जीता।

**2009 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, भारत को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई । लेकिन शाहिद अफरीदी की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने टीम 150 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर सकी ।

**2011 वनडे विश्व कप क्वार्टर फाइनल**
एबी डिविलियर्स, फाफ डु प्लेसी, ग्रीम स्मिथ, जाक कैलिस और जेपी डुमिनी जैसे दिग्गज न्यूजीलैंड के खिलाफ 222 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए। एक समय 25 ओवर में आठ विकेट पर 108 रन बनाने के बाद अगले सात विकेट 64 रन पर गंवा दिए।

**2013 चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका का स्कोर आठ विकेट पर 80 रन था जिसके बाद डेविड मिलर और रोरी क्लेनवेल्ट ने इसे 175 रन तक पहुंचाया। जोनाथन ट्रॉट के नाबाद 82 रन की मदद से इंग्लैंड ने 12 ओवर और सात विकेट बाकी रहते जीत दर्ज की।

**2014 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल**
भारतीय टीम ने एक ईकाई के रूप में शानदार प्रदर्शन करके दक्षिण अफ्रीका को हराया।

**2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल**
दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटरों की सुनहरी पीढ़ी। हर विभाग में उत्तम लेकिन फिर सेमीफाइनल हारे। न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में हराकर फिर दक्षिण अफ्रीका का दिल तोड़ा।

**2022 टी20 विश्व कप सुपर 12**
सेमीफाइनल से एक जीत दूर दक्षिण अफ्रीकी टीम को नीदरलैंड ने 13 रन से हराकर उलटफेर कर दिया था।

**2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल**
लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतिम चार के अहम मुकाबले में एक बार फिर 'चोकर' साबित हुई दक्षिण अफ्रीका टीम।

## रहाणे ने लीसेस्टरशर के साथ किया अनुबंध



**लीसेस्टर।** भारत के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मौजूदा सत्र के दूसरे भाग के लिए इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। वह काउंटी चैंपियनशिप के अंतिम पांच मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व करने के साथ वन डे कप में भी खेलेंगे। लीसेस्टरशर की टीम वन डे कप की गत चैंपियन है। वह टीम में 36 वर्षीय खिलाड़ी वियान मुल्डर की जगह लेंगे। रहाणे ने सभी प्रारूपों (प्रथम श्रेणी, लिस्ट-ए और टी20) में 51 शतक की मदद से 26,000 से अधिक रन बनाए हैं।

चिंतन

# अभिभाषण में सरकार का भविष्योन्मुख दृष्टिकोण

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र के संयुक्त सदन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में वो तेवर व क्लेवर नहीं दिखे, जिसकी देश को जरूरत है। संयम, संतुलन और रटे-रटाए अवधारणा का पुट अधिक दिखा। चुनावी वर्ष होने के नाते बीते छह माह के दौरान सरकार की आर्थिक व प्रशासनिक गति सुस्त रही है, कई बड़े फैसले बाट जोह रहे हैं, आर्थिक सुधार के अगले चरण की प्रतीक्षा है, महंगाई को लेकर चिंता बरकरार है, रोजगार सृजन की गति मंद है, ऐसे में अभिभाषण में नई सरकार के व्यापक रोडमैप की उम्मीद थी। इन सबके लिए शायद बजट तक प्रतीक्षा करनी पड़े। चूंकि अभिभाषण सरकार का विकास योजनाओं व भविष्य की योजनाओं का दृष्टिकोण होता है, इसलिए आशाएं अधिक थीं। यूं तो राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण में सरकार के सभी संकल्पों, दिशाओं और लक्ष्यों को समेटने का प्रयास किया है, लेकिन किसी क्रांतिकारी-परिवर्तनकारी ध्येय का जिक्र नहीं किया है। 18वीं लोकसभा के पहले संसद के चौथे दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण करीब 50 मिनट चला, जिसमें उन्होंने सरकार के लगभग हर मुद्दे पर बात की। नीट विवाद परीक्षा रद व पेपर लीक को लेकर सरकार विपक्ष के निशाने पर है, इसलिए अभिभाषण में पेपर लीक घटनाओं की जांच करने, पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने, परीक्षा प्रणाली में सुधार लाने व नया कानून लागू करने की बात प्रमुखता से कही गई है। विपक्ष ने 'संविधान खतरे में है' के नैरेटिव के साथ भाजपा के खिलाफ चुनाव में कैंपेन किया था, सांसदों के शपथग्रहण के दौरान भी राहुल गांधी व अखिलेश यादव समेत अनेक विपक्षी सांसदों ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ ली है, इसके काउंटर के लिए अभिभाषण में सरकार ने कांग्रेस द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल को काला अध्याय बता कर कांग्रेस को एहसास दिलाया है कि पूर्व में कांग्रेस सरकर के दौरान ही आपातकाल के रूप में संविधान की धज्जियां उड़ी थी। एक दिन पहले लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद सदन में आपातकाल को लेकर निंदा प्रस्ताव पास किया गया। सरकार की रणनीतियों से तय है कि अगर कांग्रेस भाजपा को झूठे व भ्रमित नैरेटिव संविधान खतरे में बता कर घेरेगी, तो भाजपा भी कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाती रहेगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के जरिये नई सरकार ने अग्निवीर का जिक्र किए बिना सेना में सुधार व सेना को आत्मनिर्भर बनाने की अपी तैयारियां बताईं। जब नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का जिक्र किया गया, तब विपक्ष ने मणिपुर के हालात को लेकर शोर-शराबा किया। अभिभाषण में महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के कल्याण करने के बारे में बात हुई, चुनाव आयोग की तारीफ की गई, जीएसटी को अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया गया, कश्मीर में मतदान के रिकॉर्ड टूटने को घाटी का दुश्मनों को करारा जवाब कहा गया, प्राकृतिक खेती और उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाने की बात कही गई, बुलेट ट्रेन, गरीबी उन्मूलन व 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत रणनीतिक 'गेटवे' बनाने का काम का जिक्र किया गया। सरकार की ओर से आगामी बजट में बड़े सुधारात्मक फैसले की उम्मीद जगाई गई है। अभिभाषण में विपक्ष को हर वक्त हंगामा को लेकर आईना भी दिखाया है कि नीतियों का विरोध और संसदीय कामकाज का विरोध अलग-अलग बातें हैं। दुष्प्रचार की चुनौती से निपटने के लिए नए रास्ते खोजने की जरूरत है। इस अभिभाषण में सरकार का विजनरी रोडमैप है, लेकिन यह और बेहतर हो सकता था। देश में पुलिस सुधार, प्रशासनिक, न्यायिक सुधार, राजनीतिक व चुनावी सुधार लंबित हैं, आर्थिक सुधार के नेक्स्ट स्टेप की जरूरत है, इन सब मुद्दों पर अभिभाषण चुप है।



शपथ ग्रहण
प्रभुनाथ शुक्ल

शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का ईजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मर्यादा के खिलाफ है। पुराने और कई वरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश माननीयों ने संसद और लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश के मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए, जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता।

# संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया, वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूस कर रहे हों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लांघता दिखा। 18वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ ली, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं वरिष्ठ माननीयों को छोड़कर। शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के अहम में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूबसूरती हाशिये पर रही,जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदू है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय प्रश्न है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता के लालच में वैचारिक विभाजन के जरिये सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है, जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिलेगौर है। भारतमाता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है, लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे हैं। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में ली और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा



लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजयी हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद किए जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इससे भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच नोकझोंक हुई। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और व्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं।

शपथ ग्रहण के दौरान भाजपा सांसदों ने धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रबल विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया, क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की जा रही हैं, जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है। शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए, जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ. हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचे शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायी था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई वरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश माननीयों ने शपथ ग्रहण के दौरान संसद और लोकतंत्र के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश के मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए, जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता।

शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिये। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए, क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता-विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र की गरिमा का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का ईजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मर्यादा के खिलाफ है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मिसाल
डॉ. महेश परिमल



# मिथक तोड़ती बेटियां

हाल ही में उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक अनोखी घटना हुई। बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हुए अनिल कुमार अपनी बेटी को उसके ससुराल से बैंड-बाजे के साथ घर लाए। उनका मानना था कि मैंने जिस तरह से बेटी को सम्मान के साथ उसके ससुराल भेजा है, तो अब उसे ससुराल से हमेशा-हमेशा के लिए अपने घर लाने के लिए भी उतना ही सम्मान दूंगा। हुआ यूं कि अनिल कुमार की बेटी उर्वी की शादी 8 साल पहले कंप्यूटर इंजीनियर के साथ हुई थी। ससुराल में उर्वी को सम्मान नहीं मिला। दहेज के कारण उसे प्रताड़ित किया जाता था। 8 साल तक बिटिया ने यह अपमान सहा। जब सहन नहीं हुआ, तो उसने माता-पिता से गुहार लगाई कि उसे अब मायके बुला लिया जाए। इससे पिता ने यह अनुकरणीय उदाहरण पेश करते हुए उसे ससम्मान घर वापसी कराई। हमारे समाज में बेटी यदि अपने ससुराल से मायके आ जाए, तो लोग उसे सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते। बेटी ने अपने ससुराल में किस तरह के ताने और प्रताड़ना सही होगी, यह जानने की कोशिश माता-पिता के अलावा और कोई नहीं करता। आखिर बेटी को भी सम्मान से जीने का हक है। उसने ससुराल की प्रताड़ना के खिलाफ आवाज उठाकर कोई अपराध नहीं किया है। वह भी अपनी तरह से जीना चाहती है। बेटी को भी बेटे की तरह जीने का अधिकार होना चाहिए, यह बात समाज के लोग अक्सर करते हैं, पर जब उसे अमल में लाने की बात आती है, तो सभी परंपराओं की दुहाई देने लगते हैं। आजकल तलाकशुदा बेटी का जीवन बहुत ही ज्यादा दुश्वार हो गया है। वह भी अपने तरीके से जीवन जीना चाहती है। उस पर जीवन थोपा नहीं जा सकता। ससुराल में यदि उसे प्रताड़ना मिलती है, तो फिर माता-पिता के अलावा उसका कौन है? बेटी का घर आना माता-पिता के लिए दुःखों का पहाड़ टूटना ही समझा जाता है। शुरुआत में माता-पिता काफी कोशिशें करते हैं कि बेटी का घर बस जाए। बात नहीं बनने पर वे अपनी बेटी को घर बुलाने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो जाते हैं। बेटी को ससुराल में प्रताड़ना देने का रिवाज शिक्षित वर्ग में ही अधिक देखा जाता है। तलाक भी शिक्षित वर्ग में ही अधिक होते हैं। आखिर ऐसी शिक्षा का क्या महत्व, जो विवाह को स्थायित्व देने का काम न करती हो। समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जो विवाह के टूटने की बाट जोहता रहता है, विवाह टूटने के बाद वह उसका आनंद लेने लगता है। विवाह टूटने के मामले में आजकल के युवा एवं उसके माता-पिता अधिक जवाबदार माने जाते हैं। कई मामलों में बेटी के माता-पिता यह मानते हैं कि ससुराल में बेटी जिस तरह से रोज-रोज मर रही है, उससे अच्छा यही है कि उसकी घर वापसी कर दी जाए, ताकि वह स्वाभिमान के साथ अपना जीवन जी सके। आखिर बिटिया कब तक लाचारी का जीवन जिएगी? लाचारी से भरा जीवन जीने से अच्छा यही है कि वह तलाक लेकर अपने माता-पिता के घर आ जाए। इन दिनों समाज में एक नई परंपरा देखने को मिल रही है। जिस तरह से बेटे को अपना जीवन जीने का हक है, उसी तरह बेटी को भी है। बेटी और बेटे के बीच किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। कौन सच्चा और कौन झूठा है, इसे समझने में बरसों लग जाते हैं, इसलिए यही अच्छा है कि बेटी घर ही आ जाए। बेटी घर की इज्जत है, यह सूत्रवाक्य आज हमारे समाज में अमल में लाया जाता है, पर बेटी के भी अपने सपने होते हैं, वह भी खुलकर जीना चाहती है। आखिर अपनी इच्छाओं को मारकर कब तक जिया जाए? इसलिए कानपुर के अनिल कुमार ने एक नई परंपरा की शुरुआत कर समाज को दिशा देने की कोशिश की है। अनिल कुमार जैसी सोच बहुत कम लोगों की होती है। उन्होंने समझ लिया था कि बेटी को ससम्मान घर लाकर वे समाज के सवालों का जवाब नहीं दे पाएंगे, पर समाज को भी सोचना चाहिए कि कौन माता-पिता ऐसे होंगे, जो अपनी बेटी को उसके हाल पर छोड़ देना चाहते हैं। धनलिप्सा के कारण ससुराल वाले बेटी को बरसों से प्रताड़ित ही कर रहे हैं। आखिर इस कुप्रथा को खत्म करने की कोशिश भी तो होनी चाहिए। बेटी को नई जिंदगी देने के लिए माता-पिता का यह प्रयास आज भले ही अनुकरणीय न लगे, पर भविष्य में इसे सही मान लिया जाएगा, यह तय है। अब समाज को भी सारे मिथकों से दूर होना होगा। बेटी को लेकर गढ़े गए तमाम सूत्रवाक्यों को नई सिरे से पारिभाषित करना होगा। बेटी को भी जीने का हक है, इसे समझते हुए ही अनिल ने जो किया, उसे नमन करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## रिलेशनशिप को रखना है स्ट्रांग



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है, किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

## अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोकें



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

अंतर्मन




## आज की पाती

### ड्रोन से की जाए वनों की निगरानी

हर वर्ष गर्मियों में देश के कुछ वन संपदा के धनी राज्यों में जंगलों में भयंकर आग लगने की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को मिलती हैं। आग किसी भी कारण से जंगलों में लगती है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग गर्मियों के दिनों में बेकार की घास-फूस को जलाने के लिए जंगलों या खेतों में आग लगा देते हैं, जिससे उसी फालतू की घास-फूस के साथ ही सैकड़ों वृक्ष भी आग की बलि चढ़ जाते हैं, जो कि प्रकृति से खिलवाड़ है और हरी-भरी वादियों के लिए अच्छे संकेत नहीं है। लोग इस बात का ध्यान रखें कि यह आग खेतों के साथ लगते जंगलों में न फैले। जब हरे-भरे जंगल नष्ट हो जाते हैं तो कई हिंसक जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में आ जाने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। वन विभाग को चाहिए कि इस तरह की घटनाओं पर ड्रोन के जरिए निगरानी रखे। *- शेखर मेहता, कांकेर*

ट्रेंड

### मेरा युवा भारत अभियान



विकसित भारत के निर्माण में होगी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित। सरकार ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और बढ़ाने के लिए 'मेरा युवा भारत' अभियान की शुरुआत की है। इसमें अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक युवाओं का पंजीकरण हो चुका है।
**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### वास्तविक प्रकृति को जानें



एआई हमें प्रबुद्ध युग में मार्गदर्शन नहीं कर सकता। केवल ब्रह्मांडीय बुद्धिमत्ता और स्व की पहचान ही ऐसा कर सकती है। कृत्रिम, रासायनिक, यांत्रिक या मात्रात्मक हर चीज से परे शुद्ध चेतना के रूप में वास्तविक प्रकृति को जानें जो मन की रचनाएं हैं।
**-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक**

### स्वाध्याय महान तप



सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में स्वाध्याय महान तप है, जो हमारी जीवनचर्या का आवश्यक अंग होना चाहिए। ग्रंथों का अध्ययन वैचारिक नवीन्यता के साथ लक्ष्य की संप्राप्ति में सहायक है। अतः आत्म-सामर्थ्य के लिए सदग्रन्थों की ओर लौटें।
**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### नारे को ठुकराया



मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनकर ऐसा लगा जैसे मोदी जनादेश को नकारने की हर संभव कोशिश कर रहें हैं। जनादेश उनके ख़िलाफ़ था, क्योंकि देश की जनता ने 400 पार के नारे को ठुकराया।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

करंट अफेयर


## चीन ने अध्ययन के लिए सभी देशों के वैज्ञानिकों को बुलाया



चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ। अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा। चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया, 'अमेरिक-चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है।' उन्होंने कहा, 'अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष सहयोग शुरू करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।' वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

ऑफ बीट

## एक हजार और प्रजातियों पर अस्तित्व का खतरा मंडराया



अंतरराष्ट्रीय संरक्षण संगठन के मुताबिक करीब 45 हजार प्रजातियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है जो पिछले साल के मुकाबले एक हजार अधिक है। संगठन ने इस स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन, आक्रामक प्रजातियों और मानव गतिविधियों जैसे अवैध व्यापार और बुनियादी ढांचा विस्तार को जिम्मेदार ठहराया है। द इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्वरसेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने बृहस्पतिवार को लुप्त होने के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों की नवीनतम सूची जारी की। संगठन ने अपने 60वें वर्ष में जारी इस सूची में विलुप्ति के खतरे का सामना कर रहे जानवरों और पौधों के बारे में चेतावनी दी है, लेकिन साथ ही इबेरियन लिंक्स (वनबिलाव)जैसी प्रजातियों के संरक्षण में मिली सफलता पर भी प्रकाश डाला है। सूची में अब 1,63,040 प्रजातियों को शामिल किया गया है जो पिछले साल से लगभग 6,000 अधिक हैं। आईयूसीएन ने खुलासा किया कि चिली के अटाकामा तटीय रेगिस्तान में पाए जाने वाले कोपियापोआ कैक्टस, बोर्नियन हाथी और ग्रैन कैनरिया की विशालकाय छिपकली विलुप्ति के खतरे का सामना कर रही प्रजातियों में शामिल हैं। कोपियापोआ कैक्टस के विलुप्ति के कारणों में सोशल मीडिया का चलन प्रमुख है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## राष्ट्रपति ने 18वीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को किया संबोधित

# सरकार दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता दे रही अब सीएए के तहत नागरिकता मिलना प्रारंभः मुर्मू

हरिभूमि ब्यूरो /एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार संविधान की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए 'दंड' की जगह 'न्याय' को प्राथमिकता दे रही है और एक जुलाई से नये आपराधिक कानूनों को लागू किया जाना इसका परिचायक है। मुर्मू ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है और इससे, देश के बंटवारे से पीड़ित अनेक परिवारों के लिए सम्मान का जीवन जीना तय हुआ है। उन्होंने 18वीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा कि एक जुलाई से देश में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) भी लागू हो जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि अंग्रेजी राज में गुलामों को दंड देने की मानसिकता थी और दुर्भाग्य से आजादी के कई दशकों बाद तक गुलामी के दौर की यही दंड व्यवस्था चलती रही। इसे बदलने की चर्चा कई दशकों से की जा रही थी, लेकिन यह मौजूदा सरकार ने ही करके दिखाया है।

- नागरिकता प्रमाण पत्र का पहला सेट 15 मई को दिल्ली में 14 लोगों को जारी हुआ
- सदन में विशेषाधिकार समिति की तीन रिपोर्ट भी विभिन्न सदस्यों ने पेश की
- मोदी ने नई मंत्रिपरिषद के सदस्यों का सदन से परिचय कराया

अब दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता होगी, जो हमारे संविधान की भी भावना है। इन नए कानूनों से न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी। देश में मौजूदा आपराधिक कानूनों भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में संशोधन करके 'दंड' के बजाय उनमें 'न्याय' को प्राथमिकता दी गई है और उनके स्थान पर संशोधित कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) एक जुलाई से लागू किये जाएंगे। मुर्मू ने कहा कि सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है और इससे बंटवारे से पीड़ित अनेक परिवारों के लिए सम्मान का जीवन जीना सुनिश्चित हुआ है। सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र का पहला सेट 15 मई को दिल्ली में 14 लोगों को जारी किया गया था। इसके बाद, केंद्र ने बंगाल, हरियाणा, उत्तराखंड और भारत के अन्य हिस्सों में शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान की।



### भारत दुनिया को समाधान देने के लिए जाना जाता

हरिभूमि (ब्यूरो)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि "भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा" (आईएमईसी) 21वीं सदी के "सबसे बड़े परिवर्तनकारी कारकों" (गेमचेंजर) में से एक साबित होगा। मुर्मू ने यह भी कहा कि 21वीं सदी के इस तीसरे दशक में आज 'ग्लोबल ऑर्डर' (वैश्विक अनुक्रम) एक नयी शक्ल ले रहा है और सरकार के प्रयासों से आज भारत 'विश्वबंधु' के रूप में दुनिया को नया भरोसा दे रहा है। वह 18वीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं। मानव-केंद्रित रुख की वजह से ही भारत किसी भी संकट के समय में मदद का हाथ बढ़ाने वाला पहला देश बनकर सामने आता है।



### संसद का टोन सेट, अगर विपक्ष ने तेवर दिखाए तो सत्ता पक्ष भी होगा आक्रामक ऐसे में कैसे होंगे विधायी कार्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद का टोन सेट हो गया है। पक्ष और विपक्ष के म्यान से मुद्दे की तलवारें खिंच गई हैं। चुनावी मैदान में विपक्षी दलों को ह्यसंविधान बचाओह्न नारे ने कुछ सियासी ह्यऑक्सीजनह्न दिया है। उसकी ताकत लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर बोलते हुए राहुल गांधी, सपा संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव सहित अन्य इंडि गठबंधन के नेताओं ने दिखाई। उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का अभिवादन करते हुए दो टूक कहा कि संसद का आकार प्रकार बदला है, विपक्ष से ह्यवैसाह्न व्यवहार न किया जाए जैसा पहले किया गया। विपक्ष को सम्मान दिया जाए। सरकार को घेरने का पूरा मौका दिया जाए। सांसदों के बोलने के बाद जिस तेवर के साथ ओम बिरला ने सदन में अनुशासन लाने के नाम पर अपना नाम न पुकारे जाने पर हंगामा कर रहे विपक्षी नेताओं से कहा, अध्यक्ष जब पैरों पर खडा रहता है तो सदस्यों को अपनी सीट पर बैठ जाना चाहिए। मुझे ऐसी समझाइश दोबारा न देना पडे। दोबारा बोलने का मौका न दिया जाए। उसके बाद स्पीकर के चेयर से जिस अंदाज में ओम बिरला ने इंदिरा गांधी के कार्यकाल में इमरजेंसी को याद करते हुए उसे काला दिन करार देते हुए उसे संविधान पर करारा हमला करार दिया, उसी समय ये तय हो गया कि केंद्र सरकार विपक्ष को संविधान बचाने के नाम पर और राजनीति नहीं करने देगी। उन्हें उन्हीं के अंदाज में, बल्कि ज्यादा आक्रामक तेवरों के साथ चौतरफा घेरकर जवाब दिया जाएगा। उसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। फिर बिरला ने चेयर से इंदिरा गांधी का नाम लेकर लानतमलानत की। उसको अंतिम रूप राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दे दिया। उन्होंने भी कांग्रेस शासनकाल के आपातकाल को याद करते हुए उसे इतिहास का काला अध्याय करार दिया। कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रपति अभिभाषण से शिकायत नहीं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के भाषण से भारी शिकायत है।

- संक्षिप्त सत्र के बाद बजट सत्र महीने भर बाद आहूत होना है, विपक्ष को साधना ट्रेजरी बेंच के लिए आसान नहीं

### राहुल ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की

## बोले-सदन में आपातकाल के उल्लेख से बचा जा सकता था

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनके द्वारा सदन के भीतर आपातकाल का उल्लेख किए जाने को लेकर यह कहते हुए आपत्ति दर्ज कराई कि यह कदम राजनीतिक था और इससे बचा जा सकता था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद भवन में बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी, जिस दौरान गांधी ने सदन में अध्यक्ष द्वारा आपातकाल का उल्लेख किए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, "यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता घोषित किया। उसके बाद राहुल गांधी गठबंधन के सहयोगी नेताओं के साथ अध्यक्ष से मिले।" यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी ने सदन में आपातकाल की निंदा करते



हुए प्रस्ताव लाए जाने के मुद्दे पर चर्चा की, वेणुगोपाल ने कहा कि हमने संसद के कामकाज के बारे में कई चीजों पर चर्चा की। निश्चित तौर पर यह मुद्दा भी उठा। राहुल जी ने विपक्ष के नेता के रूप में अध्यक्ष को इस मुद्दे के बारे में सूचित किया और कहा कि अध्यक्ष की तरफ से इसे टाला जा सकता था। यह स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक संदर्भ था, इसे टाला जा सकता था। लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गांधी की अध्यक्ष के साथ पहली बैठक थी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के संबोधन को प्रगति और सुशासन का 'रोडमैप' बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन को व्यापक बताया और कहा कि इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रशंसा करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों को राष्ट्रपति जी का अभिभाषण व्यापक और और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने अभिभाषण में इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की उपलब्धियों और संभावनाओं के साथ-साथ उन चुनौतियों को भी शामिल किया गया है, जिन्हें नागरिकों के लिए बेहतर जीवन के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

### राष्ट्रपति अभिभाषण में केंद्र की उपलब्धियां हवाहवाई: माया



*लखनऊ (भाषा)। बसपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा किया कि उन्होंने केंद्र सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाई हैं, वे जमीनी हकीकत में बहुत कम तथा हवाहवाई ज्यादा हैं। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "आज राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में केन्द्र सरकार की पिछले 10 वर्षों की जो उपलब्धियां गिनाई हैं, वे जमीनी हकीकत में बहुत कम तथा हवाहवाई ज्यादा हैं।"*

## मोदी ने जद (यू) सांसदों से मुलाकात की



### आगामी राजनीति पर की बातचीत

*नई दिल्ली (भाषा)। पीएम0 मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (के प्रमुख घटक दल जनता दल (यूनाइटेड) के सांसदों से मुलाकात की और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "जदयू सांसदों के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। हमारी पार्टियों का साथ मिलकर काम करने और बिहार में खराब शासन, भ्रष्टाचार और अपराधीकरण के खिलाफ संघर्ष करने का लंबा इतिहास रहा है।*

### आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव का कार्यकाल छह माह बढ़ाया

**अमरावती (भाषा)।** केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव नीरव कुमार प्रसाद का कार्यकाल 31 दिसंबर तक छह माह के लिए बढ़ा दिया है। प्रसाद 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले थे।

बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, "केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव नीरव कुमार प्रसाद का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया है।" राज्य सरकार ने 16 जून को केंद्र को पत्र लिखकर कार्यकाल बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिसके जवाब में केंद्र ने एक जुलाई से 31 दिसंबर तक कार्यकाल बढ़ा दिया है।

### श्रीलंका की जेलों में बंद मछुआरों के मामले पर आमने-सामने केंद्र-तमिलनाडु सरकार

- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पत्रों के जवाब में बोले जयशंकर, जल्द रिहाई के लिए प्रयासरत सरकार

नई दिल्ली(ब्यूरो)। श्रीलंका की जेलों में बंद भारतीय मछुआरों के मामले की गूंज एक बार फिर से देश की राजनीति में सुनाई देने लगी है। तमिलनाडु और केंद्र की मोदी सरकार मामले पर आमने-सामने हैं। सूबे के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर को कुछ पत्र लिखकर (19, 24 और 25 जून) मछुआरों की जल्द से जल्द रिहाई सुनश्चिति करने की मांग की है। इसके जवाब में विदेश मंत्री ने गुरुवार को त्वरित प्रतक्रियि देते हुए कहा कि श्रीलंका की जेलों में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई के लिए भारत सरकार (विदेश मंत्रालय) लगातार प्रयासरत है।

### सपा के मन में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ (भाषा)।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेंगोल (राजदंड) को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) पर प्रहार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सपा के मन में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। योगी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है।" उनका यह पोस्ट अंग्रेजी में है। सेंगोल पर उसके शीर्ष नेताओं की टिप्पणियां निंदनीय हैं। यह उनकी अज्ञानता को दर्शाती है। यह विशेष रूप से तमिल संस्कृति के प्रति इंडी गठबंधन की नफरत को भी दर्शाता है।" योगी ने लिखा, "सेंगोल भारत का गौरव है। यह सम्मान की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने इसे संसद में सर्वोच्च सम्मान दिया।" सपा के सांसद आर के चौधरी ने विगत दिनों प्रोटेम स्पीकर को पत्र लिखकर सेंगोल को राजशाही का प्रतीक बताते हुए उसे संसद भवन से हटाने की मांग की थी।

### हरियाणा से पानी को लेकर अनशन पर थीं

# आतिशी को अस्पताल से छुट्टी मिली

हरिभूमि ब्यूरो /एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मंत्री आतिशी को बृहस्पतिवार सुबह लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आतिशी दिल्ली में जल संकट के मद्देनजर हरियाणा से पानी छोड़ने की मांग को लेकर अनशन पर थीं और तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि आतिशी को सुबह साढे दस बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई।

एलएनजेपी अस्पताल के निदेशक सुरेश कुमार ने बताया कि आतिशी को हाइपोग्लाइसीमिया (रक्त में निम्न शर्करा) हुआ था। उन्हें शुरुआत में अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती किया गया था और स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें सामान्य



वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आतिशी को बृहस्पतिवार को छुट्टी दे दी गई। डॉ.कुमार ने बताया कि उन्हें रक्त में शर्करा की मात्रा कम होने और पेशाब में कीटोन पाए जाने के बाद सोमवार शाम को अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी गई। बाद में की गई जांच में पेशाब में कीटोन नहीं पाई गई और उनकी हालत अब स्थिर है। उन्हें हल्की कमजोरी है और उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में वह पूरी तरह से ठीक हो जाएंगी।" उन्होंने कहा कि उनकी नाड़ी और रक्त जांच समान्य है। आम आदमी पार्टी की नेता एवं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी थीं।

अनशन कर रही आतिशी की तबीयत पांचवें दिन बिगड़ने लगी थी और उनके ब्लड शुगर का स्तर गिरने के कारण उन्हें सोमवार देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात ने बुधवार को अस्पताल में आतिशी से मुलाकात की थी।


# संघ लोक सेवा आयोग

## परीक्षा / भर्ती परीक्षण कार्यक्रम 2025

सं. 22/23/2024 प.I (ख) वर्ष 2025 हेतु आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं तथा भर्ती परीक्षणों का कार्यक्रम (कैलेंडर), उम्मीदवारों की जानकारी के लिए प्रस्तुत है। इस वार्षिक कैलेंडर को आयोग की वेबसाइट (www.upsc.gov.in) पर भी प्रदर्शित किया गया है। इच्छुक व्यक्तियों तथा उम्मीदवारों से अनुरोध है कि इस विज्ञापन की प्रति को सुरक्षित रखें ताकि 2025 के दौरान आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया में वे इसका तत्काल संदर्भ ले सकें।

| क्रम संख्या | परीक्षा का नाम | अधिसूचना की तिथि | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | परीक्षा शुरू होने की तिथि | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण / परीक्षा के लिए आरक्षित** | | | 11.01.2025 (शनिवार) | 2 दिन |
| 2 | सम्मिलित भू-वैज्ञानिक (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2025 | 04.09.2024 | 24.09.2024 | 09.02.2025 (रविवार) | 1 दिन |
| 3 | इंजीनियरी सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2025 | 18.09.2024 | 08.10.2024 | 09.02.2025 (रविवार) | 1 दिन |
| 4 | केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (पुलिस उपाधीक्षक) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा | 27.11.2024 | 17.12.2024 | 08.03.2025 (शनिवार) | 2 दिन |
| 5. | केन्द्रीय औद् योगिक सुरक्षा बल सहायक कमांडेंट (कार्यकारी) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2025 | 04.12.2024 | 24.12.2024 | 09.03.2025 (रविवार) | 1 दिन |
| 6. | राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (1), 2025 | 11.12.2024 | 31.12.2024 | 13.04.2025 (रविवार) | 1 दिन |
| 7 | सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (1), 2025 | | | | |
| 8. | सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 | 22.01.2025 | 11.02.2025 | 25.05.2025 (रविवार) | 1 दिन |
| 9. | सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 के माध्यम से भारतीय वन सेवा (पारम्भिक) परीक्षा, 2025 | | | | |
| 10. | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 14.06.2025 (शनिवार) | 2 दिन |
| 11. | भारतीय अधिक सेवा/ भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2025 | 12.02.2025 | 04.03.2025 | 20.06.2025 (शुक्रवार) | 3 दिन |
| 12. | सम्मिलित भू-वैज्ञानिक (प्रधान) परीक्षा, 2025 | | | 21.06.2025 (शनिवार) | 2 दिन |
| 13. | इंजीनियरी सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2025 | | | 22.06.2025 (रविवार) | 1 दिन |
| 14. | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 05.07.2025 (शनिवार) | 2 दिन |
| 15. | सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2025 | 19.02.2025 | 11.03.2025 | 20.07.2025 (रविवार) | 1 दिन |
| 16. | केन्द्रीय सशस्त्र पुलिसबल (सहायक कमांडेट) परीक्षा, 2025 | 05.03.2025 | 25.03.2025 | 03.08.2025 (रविवार) | 1 दिन |
| 17. | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/ परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 09.08.2025 (शनिवार) | 2 दिन |
| 18. | सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2025 | | | 22.08.2025 (शुक्रवार) | 5 दिन |
| 19. | राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (II), 2025 | 28.05.2025 | 17.06.2025 | 14.09.2025 (रविवार) | 1 दिन |
| 20. | सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (II), 2025 | | | | |
| 21. | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/ परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 04.10.2025 (शनिवार) | 2 दिन |
| 22. | संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/ परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 01.11.2025 (शनिवार) | 2 दिन |
| 23. | भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2025 | | | 16.11.2025 (रविवार) | 7 दिन |
| 24. | अनुभाग अधिकारी / आशुलिपिक (ग्रेड-ख/ग्रेड-1), सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा | 17.09.2025 | 07.10.2025 | 13.12.2025 (शनिवार) | 2 दिन |
| 25. | संघ लोक सेवा आयोग के अर्ती परीक्षण/ परीक्षा के लिए आरक्षित | | | 20.12.2025 (शनिवार) | 2 दिन |

**नोट : अधिसूचना की तिथियां, परीक्षा/ आरटी की शुरुआत और अवधि में परिवर्तन किया जा सकता है, यदि परिस्थितियों ऐसी हों।**

CBC-55101/14/0001/2425




## यूएन में पाकिस्तान ने फिर अलापा कश्मीर राग, भारत ने फटकारा

# पाक में बाल अधिकारों के हनन से ध्यान भटकाने के लिए उठाया जम्मू-कश्मीर का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने एक बार फिर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के मंच पर जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी है। मामला परिषद में बच्चों पर हुई एक ताजा खुली बहस से जुड़ा हुआ है। जिसमें पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर को लेकर बेबुनियाद और आधारहीन टिप्पणी की थी। इसके जवाब में यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि आर.रविंद्रन ने पाक को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर पर की गई पाक की टिप्पणी आदतन, राजनीति से प्रेरित और भारत के खिलाफ दुर्भावना से जुड़ी हुई है। यह केवल पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराध और उनके अधिकारों के उल्लंघन के मामलों से दुनिया का ध्यान भटकाने की कोशिश है। जहां तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का प्रश्न है, तो यह समूचा भूभाग भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।





(संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र)

### चुनौती पर काफी कुछ किया जाना बाकी

आर. रविंद्रन ने कहा कि बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर यूएनएससी के प्रस्ताव 1261 के 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। हम संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के प्रयासों की सराहना करते हैं। लेकिन इस मामले से निपटने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उक्त संघर्ष में बच्चों के खिलाफ होने वाले उल्लंघनों की भयावहता गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे में बाल उल्लंघन, उनके साथ होने वाली यौन हिंसा और आतंकी कृत्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है।

## राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद की प्रक्रिया हुई तेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के लिए जारी 26 राफेल-मरीन (एम) लड़ाकू विमानों की खरीद प्रक्रिया तेज हो गई है। भारत और फ्रांस के बीच विमानों की मूल कीमत पर हाल ही में पहले दौर की चर्चा हुई है। इसके बाद आने वाले समय में चर्चाओं के ऐसे कई और दौर होने की संभावना है। जिनके पूरा होते ही इस साल के अंत तक समझौते पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि इन विमानों की खरीद के लिए भारतीय नौसेना अपनी तकनीकी और क्षेत्रीय जरूरतों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उक्त चर्चाओं में भारतीय प्रशासनिक सेवा का संयुक्त सचिव रैंक का अधिकारी और नौसेना की ओर से एक कमोडोर रैंक के अधिकारी शामिल हैं।



### नौसैन्य दल ने की अंबाला की यात्रा

सूत्रों ने बताया कि हाल ही में नौसेना के एक दल ने हरियाणा में मौजूद अंबाला वायुसैन्य अड्डे का भी दौरा किया है। जहां पर वायुसेना को फ्रांस की तरफ से सौंपे गए राफेल लड़ाकू विमानों की दो में से एक स्क्वाड्रन यानी कुल करीब 18 विमान तैनात हैं। नौसैन्य दल ने अपनी इस यात्रा में मुख्यतः इस अत्याधुनिक लड़ाकू विमान की समान रूप से की जाने वाली मरम्मत और रखरखाव के मामले को जांचा परखा।

## भाजपा के कार्यालय पर भी चला बुलडोजर पुलिस और पार्टी कार्यकर्ताओं में हाथापाई की भी नौबत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित राज्य के कई जिलों में मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के निर्देश के बाद अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। इसी के तहत कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कार्यालय तोड़ दिया। कोलकाता के तारातला के गोरागाचा में जहां भाजपा का ऑफिस तोड़ा गया, वहां जब पुलिस पहुंची तो भाजपा कार्यकर्ताओं से उनकी कहासुनी हो गई। साथ ही हाथापाई की भी नौबत आ गई थी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने पिछले दो दिन में हजारों की संख्या में फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाया है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने फुटपाथ पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अभियान को लेकर गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक भी की थी।

### हटाए जा रहे अतिक्रमण

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम शहर के फुटपाथों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने देंगे। सबसे पहले रेहड़ी-पटरी वालों कह रहे हैं कि वे अपने व्यवसाय चलाने बने अस्थायी ढांचों को हटा लें। वे सहयोग नहीं किए तो अतिक्रमण को हटाने के लिए हम जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया।

## डीआरडीओ ने किया 'अभ्यास' का छठा सफल परीक्षण, रक्षा मंत्री ने दी बधाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- कई मिसाइलों के मूल्यांकन के लिए एक लक्ष्य के रूप में प्रयोग किया जाएगा

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को ओडिशा सकी चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टार्गेट (हीट) अभ्यास का छठा सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर.वी कामत ने इस सफलता के लिए वैज्ञानिकों, सशस्त्र सेनाओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस परीक्षण के साथ ही अभ्यास ने अपने दस विकासात्मक परीक्षण सफलता के साथ पूरे कर लिए हैं। अभ्यास को संगठन की बेंगलुरु स्थित एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट प्रयोगशाला ने डिजाइन के साथ विकसित किया है। अब यह उत्पादन के लिए तैयार है। अभ्यास मूलरूप से एक ड्रोन है। जिसे कई मिसाइलों के मूल्यांकन के लिए एक लक्ष्य के रूप में प्रयोग किया जाएगा। वहीं आवश्यकता पड़ने पर इसे एक नकली विमान के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है।



## अब अमेरिका के बाद मिस्र और यूनान के आसमान में सुनाई दी राफेल विमानों की गूंज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में हालिया संपन्न हुए रेड फ्लैग युद्ध अभ्यास में भागीदारी करने के बाद राफेल लड़ाकू विमान बीते बुधवार को भारत लौटे हैं। लेकिन अपनी इस स्वदेश यात्रा के दौरान राफेल विमानों की गूंज मिस्र और यूनान के आसमान में भी सुनाई दी।

यहां बता दें कि अमेरिका में आयोजित युद्ध अभ्यास में कुल करीब आठ राफेल विमानों ने भाग लिया था। वायुसेना के मुताबिक, भारत वापसी के दौरान वायुसेना का दल पुर्तगाल के लाजोस में ईंधन भरवाने के लिए रुका था। जहां भारतीय राजदूत मनीष चौहान ने वायुसेना के दल का स्वागत किया। वायु कर्मियों से बातचीत की और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इसके बाद सैन्य टुकड़ी दो टीमों में विभाजित हो गई और उसने मिस्र और यूनान की हेलेनिक वायुसेना के साथ संयुक्त युद्ध अभ्यास किया। मिस्र में राफेल विमानों ने महान पिरामिडों के ऊपर से उड़ान भरी। जबकि यूनान के आसमान में राफेल विमानों ने हेलेनिक वायुसेना के एफ-16 लड़ाकू विमानों के साथ उड़ान भरते हुए अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया। वायुसेना द्वारा किए गए इन अंतरराष्ट्रीय युद्ध अभ्यासों के जरिए उसके वैश्विक सैन्य सहयोग और अंतर संचालन को बढ़ाने में मदद मिलेगी।



## अल्पसंख्यकों को लेकर उठाए कई सवाल

# अमेरिका ने भारत को धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में घेरा, भारत ने बताया दुष्प्रचार किया जाता है

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका भारत से भले कितनी ही दोस्ती की बातें करता हो, लेकिन भारत को देखने का उसका नजरिया वही पुराना है। तभी तो अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में भारत में धार्मिक आजादी को लेकर सवाल उठाए गए हैं। यहां तक कहा गया है कि भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। हेट स्पीच, धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर भी चिंता जताई गई है। बीजेपी को भी घेरा गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय हर साल अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट जारी करता है। इसमें कई देशों के हालात के बारे में टिप्पणी की जाती है। लेकिन पिछले कई वर्षों से इस रिपोर्ट में भारत की आलोचना की जाती रही है। हालांकि, हर बार भारत इसे पक्षपाती बताकर खारिज करता रहा है।



### धार्मिक आजादी को लेकर भारत की प्रतिक्रिया



इस रिपोर्ट को लेकर भारत की प्रतिक्रिया बहुत ही साफ रही है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इस तरह से हरेक साल भारत के खिलाफ दुष्प्रचार किया जाता है। रिपोर्ट में कुछ कानूनों का भी जिक्र किया गया है। जैस- यूएपीए, एफसीआरए, सीएए और गोहत्या कानून। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च को लेकर समीक्षा की गई है। इसमें कहा गया है कि यह एक एनजीओ है, और इसने भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों को लेकर जैसे ही बात की, उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई। उनका एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया गया। उनकी निगरानी की जाने लगी।

## घर से संदिग्ध सामान जब्त

# राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू, मंत्री समेत 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव की पुलिस ने देश के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में उनकी सरकार में राज्य मंत्री को गिरफ्तार किया है। जादू-टोना करने के मामले में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार में पर्यावरण राज्य मंत्री फातिमा शमनाज अली सलीम समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मालदीव की पुलिस ने एक बयान में कहा कि गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।

### शमनाज के पूर्व पति भी निलंबित

*फातिमा शमनाज के पूर्व पति आदम रमीज भी राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यालय में काम करते थे। रमीज को भी निलंबित कर दिया गया है। रमीज राष्ट्रपति मुइज्जू के करीबी माने जाते थे। राज्य मंत्री फातिमा शमनाज राष्ट्रपति भवन में भी राज्य मंत्री के रूप में काम कर चुकी हैं। पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति बनने से पहले जब मुइज्जू माले नगर निगम के मेयर थे। तब शमनाज उनकी पार्टी की पार्षद थीं। शमनाज के तीन बच्चे हैं।*

## केन्या में उग्र प्रदर्शन के बाद टैक्स बिल वापस

**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या ने उग्र प्रदर्शन और हिंसा के बाद नए टैक्स बिल को वापस ले लिया है। केन्याई राष्ट्रपति विलियम रूटो ने स्टेट हाउस से बिल को वापस लेने की घोषणा की। केन्या में मंगलवार को नए टैक्स बिल के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतर आए थे। वे संसद के बाहर लगे बैरिकेड्स को पार कर अंदर घुस गए, जहां सांसद बिल पर चर्चा कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने संसद में आग लगा दी। पुलिस की फायरिंग में 5 लोगों को मौत हो गई, वहीं करीब 31 लोग घायल हो गए। प्रदर्शन में ज्यादातर युवाओं ने हिस्सा लिया। संसद में हिंसा के दौरान सांसदों के एक अंडरग्राउंड टनल के जरिए बाहर निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद के परिसर में तोड़फोड़ भी की। वहीं केन्या में मौजूद भारतीय दूतावास ने भी नागरिकों को सावधानी बरतने की अपील की है। वे बेवजह घर से बाहर न निकलें।


**अंगदान** सरकार के बाद हाईकोर्ट से भी मिली इजाजत

# पिता को लिवर डोनेट कर सकेगी नाबालिग बेटी

### इंदौर में जल्द की जाएगी सर्जरी, मध्यप्रदेश की पहली नाबालिग डोनर

एजेंसी ▶▶ इंदौर

इंदौर में नाबालिग बेटी को अपने पिता को लिवर डोनेट करने की इजाजत मिल गई है। बेटी की याचिका पर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने गुरुवार सुबह 10.30 बजे इसकी अनुमति दी। इससे पहले मंगलवार शाम सरकारी स्तर पर सहमति मिलने के बाद ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया निजी हॉस्पिटल में शुरू कर दी गई थी। पिता और डोनर बेटी को डॉक्टरों की टीम ने ऑब्जर्वेशन में ले लिया था। पिता को लिवर डोनेट करने वाली नाबालिग बेटी मध्यप्रदेश की पहली नाबालिग डोनर है।



### ये है मामला

इंदौर के शिवनारायण बाथम (42) का लिवर फेल हो गया है। उनकी हालत गंभीर है। डोनर नहीं मिलने पर नाबालिग बेटी प्रीति ने कहा था कि वह शिवनारायण को लिवर देना चाहती है। लेकिन उसकी उम्र 18 साल से दो महीने कम होने के चलते डॉक्टरों ने ट्रांसप्लांट में कानूनी अड़चन बता दी थी। इस पर नाबालिग ने 13 जून को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

### दो हॉस्पिटल और कमिश्नर की रिपोर्ट्स को बनाया आधार

प्रीति के वकील नीलेश महोरे ने बताया, 'गुरुवार को ग्वालियर बेंच के जज विशाल मिश्रा ने इंदौर बेंच में वर्चुअल सुनवाई की। कोर्ट ने 20 और 24 जून के ऑर्डर और रिपोर्ट के आधार पर लिवर ट्रांसप्लांट करने की परमिशन दी है। फैसले का आधार एमवाय हॉस्पिटल के मेडिकल बोर्ड, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन और भोपाल कमिश्नर की रिपोर्ट्स को आधार बनाया है। महोरे ने बताया कि शिवनारायण प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हैं। मेडिकल चेकअप में प्रीति भी फिट पाई गई है। डॉ. अमित बरफा ने बताया कि लिवर ट्रांसप्लांट की तैयारियां लगभग पूरी हैं। दोपहर बाद कोर्ट का लिखित ऑर्डर मिलते ही ट्रांसप्लांट शुरू कर दिया जाएगा। इसमें 10 से 12 घंटे का समय लगेगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25